वर्ष : 27 अंक : 54 website:www.chetnamanch.com नोएडा, बृहस्पतिवार, 13 फरवरी, 2025 Chetna Manch Chetna Manch मूल्य 2.00 रु. पेज: 8


आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



## 48.29 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

# वक्फ बिल पर JPC की रिपोर्ट पर हंगामा

## फर्जी रिपोर्ट है, हम नहीं मानेंगे : खरगे





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा में भारी हंगामे के बीच आज जेपीसी रिपोर्ट पेश हो गई है। राज्यसभा में बीजेपी सांसद मेधा विश्राम कुलकर्णी ने यह बिल पेश किया। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने भारी हंगामा किया। विपक्ष के हंगामे के कारण सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही 11 बजकर 20 मिनट तक के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी।

राज्यसभा में सभापति धनखड़ की अनुमति के बाद वक्फ संशोधन विधेयक पर बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति (JPC) की रिपोर्ट भी पेश की गई। रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए कहा कि विपक्ष इस रिपोर्ट को नहीं मानेगा। इसे वापिस जेपीसी में भेज देना चाहिए।

राज्यसभा में भारी हंगामे के बीच आज जेपीसी (शेष पृष्ठ-3 पर)

### देश तोड़ने वालों का हाथ मजबूत कर रही है कांग्रेस : नड्डा


जेपी नड्डा ने विपक्ष के वॉकआउट पर कहा कि आज सुबह से आपने पूरी तत्परता के साथ विपक्ष को पूरा मौका दिया और ये चाहा कि उनकी चिंताएं चर्चा में आएं.



कुछ सदस्यों ने नियमों को तोड़ा भी, उस पर भी आपने दरियादिली दिखाते हुए प्रयास किया कि कोई एक्शन न हो. विपक्ष का उद्देश्य चर्चा करना नहीं, अपना पॉइंट स्कोर करने का था. संसदीय कार्य मंत्री ने बड़े स्पष्ट शब्दों में कहा कि कुछ भी डिलीट नहीं किया गया और सबकुछ है. हमारे एक मंत्री ने स्पष्ट भी किया कि चेयरमैन को (शेष पृष्ठ-3 पर)

# अमेरिका में 'मोदी-मोदी'





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी पहुंच गए हैं, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के वाशिंगटन डीसी पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने ठंड और बारिश के बावजूद भी 'भारत माता की जय' और 'मोदी मोदी' के नारे लगाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक भी करेंगे, ये ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी पहली द्विपक्षीय बैठक होगी।

पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक से पहले कई अहम लोगों से मुलाकात करेंगे। जिसमें अमेरिकी खुफिया एजेंसी (डीएनआई) की निदेशक तुलसी गबार्ड से उनकी मुलाकात हो चुकी है। वहीं पीएम मोदी व्हाइट हाउस में मशहूर उद्योगपति एलन मस्क समेत कई अन्य व्यापारिक नेताओं से बातचीत कर सकते हैं।

## फोन स्नैचिंग व वाहन चोरी में शामिल बदमाश मुठभेड़ में घायल



**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 पुलिस की वाहन चोरी तथा स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले दो बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया जबकि इसके दूसरे साथी को पुलिस ने कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया।

एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा जोडियाक तिराहे के पास चैकिंग की जा रही थी। चेकिंग कर रही पुलिस टीम ने बाइक पर आ रहे दो युवकों को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार रुकने के बजाय फायरिंग कर भागने का प्रयास करने लगे। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से बाइक सवार घायल हो गया जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान धीरज उर्फ धीरेंद्र परिहार उर्फ लंबू उर्फ कनपुरिया पुत्र अंगद निवासी जनपद हमीरपुर के रूप में हुई। पुलिस ने इसके फरार साथी अंकुर गुप्ता को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया। इनके पास से तमंचा, कारतूस, चोरी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सांड से टकराकर बाइक सवार ने दम तोड़ा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दनकौर क्षेत्र में लावारिस सांड एक बार फिर घातक साबित हुआ है। यहां एक व्यक्ति बाइक पर सवार होकर जा रहा था, तभी एक लावारिस सांड उसके सामने आ गया। इस घटना में उसे गंभीर चोट लगी।

उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना दनकौर पुलिस ने बताया कि अंकुश पुत्र सुरेश निवासी न्यू हैबतपुर गांव थाना सूरजपुर (24 वर्ष) एक हफ्ते पूर्व बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, तभी एक लावारिस सांड सड़क पर आ गया। उनकी बाइक सांड से टकरा गई। इस घटना में उन्हें गंभीर चोट आई। उन्हें उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर उपचार के दौरान बुधवार को उनकी मौत हो गई है।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं थाना सेक्टर-113 क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में रमेश पुत्र फकीर लाल की मौत हो गई। उनकी (55 वर्ष) है।

## पुलिस ने घेराबंदी कर चलाई गोली, एक बदमाश लंगड़ा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद वाहन चोरी करने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। बदमाशों के पास से तमंचा, कारतूस व चोरी की दो कार बरामद हुई है।

एडीसीपी नोएडा सुमित शुक्ला ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर 46 के पास चैकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम ने सेक्टर 47,48 की रेड लाइट की तरफ से आ रही दो गाड़ियों को चेकिंग के लिए रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर कार सवार चेकिंग पॉइंट से पहले बने कट से सेक्टर 42 के जंगल की तरफ भाग निकले। पुलिस ने पीछा कर कार सवारों की घेराबंदी कर दी। खुद को घिरा देखकर बदमाश कार से



उतरकर पैदल जंगल की तरफ भागने लगे। पुलिसकर्मियों द्वारा पीछा करने पर इन्होंने फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो कर गिर पड़ा जिसे पुलिसकर्मियों ने दबोच लिया। घायल बदमाश के दो साथी मौके से फरार हो गए। घायल बदमाश की पहचान सहदेव पुत्र सुखदेव निवासी बेगूसराय बिहार के रूप में हुई। पकड़ा गया आरोपी हाल में भाटिया मोड़ (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सड़क सुरक्षा पर जागरूकता सेमिनार 15 को : डा. सियाराम

### परिवहन आयुक्त बीएन सिंह करेंगे सेमिनार की अध्यक्षता



**नोएडा (चेतना मंच)।** परिवहन आयुक्त बीएन सिंह की अध्यक्षता में 15 फरवरी को सेक्टर 6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र में सड़क सुरक्षा एवं गैर सरकारी संगठनों की सहभागिता विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी। यह जानकारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) डा. सियाराम वर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए गैर सरकारी संगठनों का अधिक से अधिक सहयोग लिया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम को अधिक प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए गुरुवार को (शेष पृष्ठ-3 पर)

## शिवालिक पार्क में होगा नयनाभिराम पुष्पों का दीदार!

### 20-22 फरवरी तक चलेगा फ्लॉवर शो, आकर्षण का केन्द्र रहेगा विश्वनाथ का मंदिर



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-33 के शिवालिक पार्क में 20 फरवरी से लोग नयनाभिराम 4000 से अधिक प्रजाति के पुष्पों का दीदार कर सकेंगे। 22 फरवरी तक चलने वाले फ्लॉवर शो में पुष्पों से बना 35 फीट ऊंचा बाबा विश्वनाथ का मंदिर आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

उद्यान विभाग की प्रभारी व एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि पुष्प प्रदर्शनी में पुष्प प्रदर्शनी के बाहर सेल्फी प्वाइंट बनाये जाएंगे। पार्क का लैंड स्केप फ्लावर शो के लिए तैयार किया जा रहा है। यहा काशी विश्वनाथ मंदिर के अलावा प्रदेश के अन्य मैन्यूमेंट को भी फूलों से बनाया जाएगा। इसके अलावा जंगली जानवरों की अलग से गैलरी भी होगी। जिसको भी अलग-अलग प्रजातियों के फूलों से बनाया जाएगा।

फ्लावर शो में पहली बार दिव्यांग बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें वे अपनी प्रतिभा को दिखा सकेंगे। इसके इंतजाम किए जा रहे है। एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि शो के दूसरे दिन प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। पहले दिन उद्घाटन सेरेमनी और बच्चों सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इस शो में पेड़ों के रखरखाव से लेकर कचरे से आर्गेनिक खाद बनाने के तरीकों से भी वाकिफ कराया जाएगा।

फ्लावर शो में 80 से अधिक स्टॉल उद्यान प्रेमियों की ओर लगाए गए है। इसमें 38 नर्सरी और कुछ तो कलिम्पोंग और भीमताल से लाए गए है। बीज, खाद, (शेष पृष्ठ-3 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस



# वीरेन का इस्तीफा

भले ही न टाली जा सकने वाली विषम परिस्थितियों के चलते हुआ हो, मणिपुर के विवादित मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने आखिरकार इस्तीफा दे दिया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने दिल्ली की ऐतिहासिक चुनावी जीत का मजा किरकिरा न होने देने के इरादे से उनका इस्तीफा दिलवाना बेहतर विकल्प समझा। इस हिंसाग्रस्त पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा के कारण हुई मौतों और विस्थापन पर सार्वजनिक माफी मांगकर खेद जताने के एक माह से कुछ अधिक समय बाद बीरेन सिंह ने आखिरकार अपना पद छोड़ ही दिया। दरअसल, उनका यह अस्त्र काम नहीं आया। विडंबना यह है कि उनकी कथित बातचीत का एक ऑडियो टेप कुछ समय पहले लीक हुआ है। जिसमें टेलीफोन पर हुई वह बातचीत रिकॉर्ड हुई बतायी जाती है, जिसमें जातीय हिंसा भड़काने में उनकी भूमिका उजागर होती है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सत्यता प्रमाणित करने के लिये इस टेप को केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को भेजा गया है। शीर्ष अदालत ने सीलबंद लिफाफे में यह रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं। लगता है कि मणिपुर में विपक्षी दलों द्वारा बीरेन सिंह को हटाने की मुहिम में सत्तारूढ़ दल के कुछ विधायकों के शामिल होने की आशंका को भांपते हुए बीरेन सिंह को इस्तीफा देने को कहा गया है। उनके खिलाफ आरोपों की गंभीरता के मद्देनजर इस्तीफे को बचने के एक रास्ते के तौर पर देखा गया है। बहरहाल, राज्य सरकार व पार्टी की छवि को पहले ही काफी नुकसान हो चुका है और यह इस्तीफा बहुत देर से आया है। मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुई जातीय हिंसा में करीब ढाई सौ लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। लेकिन राज्य सरकार स्थिति को संभालने में विफल रही है। विडंबना यह है कि व्यापक हिंसा व आगजनी के बाद बीरेन को पद से हटाने की मांग को नजरअंदाज किया जाता रहा है। विपक्ष इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को भी सवालों के घेरे में लेता रहा है। बहरहाल, अब सवाल यह उठता है कि मुख्यमंत्री बदलने से क्या जमीनी हकीकत में बदलाव आ सकेगा? नया नेतृत्व क्या वह इच्छाशक्ति दिखा पाएगा जिससे मैती व कुकी समुदायों के बीच गहरी हुई खाई को पाटा जा सकेगा? निस्संदेह, मणिपुर के लोग न्याय व शांति का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में लोगों का भरोसा जीतना केंद्र सरकार की पहली जिम्मेदारी बनती है। ताकि राज्य में शांति व सद्भाव कायम हो सके। वहीं दूसरी ओर बजट सत्र को टालने से राज्य में राष्ट्रपति शासन की आशंका भी जतायी जा रही है। वैसे राज्य में दोनों प्रमुख समुदायों के बीच जिस हद तक अविश्वास हावी है, उसे देखते हुए शीघ्र सुलह-समझौते की उम्मीद कम ही है। यहां तक कि कुकी समुदाय अपने लिये अलग प्रशासनिक व्यवस्था की मांग जोर-शोर से उठाता रहा है, तो वहीं मैती समुदाय इस मांग का प्रबल विरोध करता रहा है। बहरहाल, प्राथमिकता राज्य में शांति व्यवस्था स्थापित करने की होनी चाहिए ताकि विस्थापित लोग कानून पर भरोसा करते हुए अपने घरों को लौट सकें। सबसे बड़ी चिंता सुरक्षा बलों से दोनों समुदायों द्वारा लूटे गए हथियारों की बरामदगी की भी है। यहां तक कि पुलिस व सुरक्षा बलों पर भेदभाव के आरोप भी लगते रहे हैं। निश्चित रूप से राज्य में पुलिस व सुरक्षा बलों को सर्वप्रथम अपनी विश्वसनीयता कायम करनी होगी। ये आने वाला वक्त बताएगा कि बीरेन सिंह के बाद सत्ता की बागडोर थामने वाला व्यक्ति किस हद तक स्थितियों को सामान्य बनाने में सक्षम होता है। सवाल यह भी है कि राज्य विधानसभा के लिये एक साल के भीतर होने वाले चुनाव क्या समय पर हो पाते हैं? बहरहाल, राज्य के मौजूदा हालात में निष्पक्ष और संवेदनशील शासन की जरूरत है, जिससे आहत लोगों के जख्मों पर मरहम लगाया जा सके। भले ही बीरेन सिंह ने राजनीतिक मजबूरी में ही इस्तीफा दिया हो, लेकिन शांति की संभावनाओं को इससे संबल जरूर मिलेगा। खासकर उन लोगों को राहत मिलेगी जो पूर्व मुख्यमंत्री पर पक्षपात के आरोप लगाते रहे हैं।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि वह (ब्रह्म) बिना ही पैर के चलता है, बिना ही कान के सुनता है, बिना ही हाथ के नाना प्रकार के काम करता है, बिना मुँह (जिव्हा) के ही सारे (छहों) रसों का आनंद लेता है और बिना ही वाणी के बहुत योग्य वक्ता है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तन बिनु परस नयन बिनु देखा। ग्रहइ घ्रान बिनु बास असेषा॥**
**असि सब भाँति अलौकिक करनी। महिमा जासु जाइ नहिं बरनी॥**

वह बिना ही शरीर (त्वचा) के स्पर्श करता है, बिना ही आँखों के देखता है और बिना ही नाक के सब गंधों को ग्रहण करता है (सूँघता है)। उस ब्रह्म की करनी सभी प्रकार से ऐसी अलौकिक है कि जिसकी महिमा कही नहीं जा सकती॥

**दो0-जेहि इमि गावहिं बेद बुध जाहि धरहिं मुनि ध्यान।**
**सोइ दसरथ सुत भगत हित कोसलपति भगवान॥**

जिसका वेद और पंडित इस प्रकार वर्णन करते हैं और मुनि जिसका ध्यान धरते हैं, वही दशरथनंदन, भक्तों के हितकारी, अयोध्या के स्वामी भगवान श्री रामचन्द्रजी हैं॥

**कासीं मरत जंतु अवलोकी। जासु नाम बल करउँ बिसोकी॥**
**सोइ प्रभु मोर चराचर स्वामी। रघुबर सब उर अंतरजामी॥**

(हे पार्वती !) जिनके नाम के बल से काशी में मरते हुए प्राणी को देखकर मैं उसे (राम मंत्र देकर) शोकरहित कर देता हूँ (मुक्त कर देता हूँ), वही मेरे प्रभु रघुश्रेष्ठ श्री रामचन्द्रजी जड़-चेतन के स्वामी और सबके हृदय के भीतर की जानने वाले हैं॥

**(क्रमशः... )**

# मिल्कीपुर विजय से भाजपा को राहत

जून 2024 के लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद सबसे अधिक चर्चा फैजाबाद संसदीय क्षेत्र में भाजपा की पराजय की हुई, जहाँ श्री रामजन्मभूमि पर दिव्य, भव्य राम मंदिर का हिन्दू समाज का 500 वर्ष पुराना सपना पूरा होने के बाद भी भारतीय जनता पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा। फैजाबाद जीत से विपक्ष का आत्मविश्वास इतना बढ़ गया कि इसके बाद हुई अपनी गुजरात रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने, भाजपा के राजनीति से विश्राम ले चुके वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी जी के राम मंदिर आंदोलन को ही हरा देने का दंभ भरा। लोकसभा में सपा सांसद अवधेश प्रसाद की तो मानो प्रदर्शनी लगा दी गई बड़बोले नेताओं ने उनको अयोध्या का रजा तक कह दिया।

फैजाबाद संसदीय सीट की हार और अवधेश प्रसाद को अयोध्या का राजा कहे जाने से सनातन समाज में दु:ख, निराशा और क्षोभ था। मिल्कीपुर को सनातनी हिन्दुओं ने अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था क्योंकि सनातनधर्मी प्रभु राम को ही अयोध्या का एकमात्र राजा मानते हैं । यहां पर यह बात ध्यान देने योग्य है कि जब से सपा मुखिया और कांग्रेस ने अवधेश प्रसाद को अयोध्या का राजा कहना आरम्भ किया तभी से इनकी राजनीति गड़बड़ाने लगी।अब तक प्रदेश में 11 विधानसभा उपचुनाव हो चुके हैं जिसमें भाजपा को आठ सीटों पर सफलता मिली है और प्रदेश में सपा और कांग्रेस गठबंधन भी बिखर रहा है।

राजनैतिक दल के रूप में भाजपा ने मिल्कीपुर चुनाव जीतने के लिए बेहद आक्रामक रणनीति तैयार की और स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार मिल्कीपुर का दौरा किया। जब योगी जी मिल्कीपुर जाते थे तब सपा सांसद का बयान आता था कि योगी जी जितनी बार मिल्कीपुर आयेंगे भाजपा का वोट प्रतिशत उतना ही घटेगा और सपा का उतना ही वोट प्रतिशत बढ़ता जायेगा जबकि परिणाम उसके विपरीत आये हैं। मिल्कीपुर की जनता के बता दिया है कि अयोध्या के एकमात्र राजा प्रभु राम ही है।

मिल्कीपुर की जनता ने विपक्ष के नकारात्मक विचारों के एजेंडे को नकारते हुए विकास और सुशासन का साथ दिया। मिल्कीपर की जनता को अच्छी तरह से समझ में आ गया कि स्थानीय विकास के लिए सत्तारूढ़ भाजपा का विधायक ही आवश्यक है। मिल्कीपुर की जनता ने सपा के परिवारवाद और जातिवाद को नकार दिया है।



*मिल्कीपुर की जनता ने विपक्ष के नकारात्मक विचारों के एजेंडे को नकारते हुए विकास और सुशासन का साथ दिया। मिल्कीपर की जनता को अच्छी तरह से समझ में आ गया कि स्थानीय विकास के लिए सत्तारूढ़ भाजपा का विधायक ही आवश्यक है।*

परिणाम से यह भी साफ हो गया है कि योगी का बटेंगे तो कटेंगे का नारा जातिवाद के विरुद्ध हिंदुत्व की राजनीति को ताकत दे रहा है। इस विजय से भाजपा के लिए एकजुट हिंदुत्व की राजनीति के पथ पर आगे बढ़ना आसान हो गया है।

मिल्कीपुर सीट पर भाजपा को तीसरी बार जीत मिली है ।इससे पहले 1991 और 2017 में जीत मिली और अब 2025 में चंद्रभानु पासवान ने सपा के गढ़ में भगवा परचम लहराने में सफलता हासिल की है। मिल्कीपुर सीट का गठन 1967 में हुआ था और 1969 में तत्कालीन जनसंघ हरिनाथ तिवारी विधायक चुने गये थे। इसके बाद 1974 से 1989 तक यह विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी का अभेद्य किला बन गया।1991 में राम लहर में मथुरा प्रसाद तिवारी ने भाजपा से जीत दर्ज की फिर 2012 तक यहां पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 2017 में मोदी लहर में भाजपा के बाबा गोरखनाथ विजयी रहे। यह अलग बात है कि इसके बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के अवधेश प्रसाद ने बाबा को पराजित किया। 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा ने अवधेश प्रसाद को अपना उम्मीदवाबर बनाया था और वह जीत गये। तभी से भाजपा पर लगातार दबाव बनता जा रहा था कि किसी न सिकी प्रकार से यह सीट हर हाल में जीतकर दिखानी है और योगी जी की टीम ने यह काम कर दिखाया है।

मिल्कीपुर चुनाव से पूर्व प्रयागराज महाकुम्भ- 2025 में योगी कैबिनेट ने एक साथ गंगा में पवित्र डुबकी लगाकर मीडिया जगत और जनमानस में इस बात का संदेह पूरी तरह से दूर कर दिया कि योगी कैबिनेट व भाजपा में आपस में कोई मतभेद व मनभेद है। मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में भाजपा भदरसा दुष्कर्म कांड के बहाने सपा पर हमलावर रही। चुनावों के बीच ही वहां पर एक बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या का एक मामला सामने आया उसके बाद विपक्षी दलों ने भाजपा को घेरने का असफल प्रयास किया। इस घटना को लेकर सभी दलों के नेताओं ने सोशल मीडिया पोस्ट करके राजनीतिक तापमान को गरमाने का असफल प्रयास किया था किंतु आरोपियों के पकड़े जाते ही यह मामला अपने आप गायब हो गया। इस प्रकरण में अवधेश प्रसाद के आंसू भी निकले और खूब निकले यहां तक की मीडिया में बार-बार दिखाया भी गया, मतदान के दिन अवधेश प्रसाद ने एक वीडियो बनवाकर चलवाया जिसमें वह हनुमान चालीसा पढ़ रहे थे, किन्तु ऐसी कोई भी ट्रिक इस चुनाव में नहीं चली। मिल्कीपुर की जनता ने इस बार लोकसभा की गलती को ठीक करने का मन बना लिया था।

मिल्कीपुर में अबकी बार संघ ने भी काम संभाला और मजबूत किलेबंदी के साथ हर बूथ पर संघ के पदाधिकारी मोर्चा पर डटे रहे। इसका असर मतदान के दिन दिखा भी। संघ ने मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में पर्याप्त श्रम किया। मिल्कीपुर जीत से भाजपा का विश्वास बढ़ा है, योगी जी की प्रतिष्ठा बढ़ी है और उनके नारे की लोकप्रियता भी बढ़ रही है। महाकुंभ-2025 के समापन के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री येगी आदित्यनाथ जी का एक नया अवतार देखने को मिल सकता है। हिंदुत्व की राजनीति में काशी, मथुरा के साथ संभल का अध्याय भी जुड़ चुका है।

**-मृत्युंजय दीक्षित**

# संत रविदास का मुगल विरोध और भीम मीम का छलावा

लगभग सवा छः सौ वर्ष जन्में संत रैदास भारत के आदि, मुखर धर्मांतरण विरोधी रहें हैं। वे घर वापसी के भी पुरोधा पुरुष रहे हैं। स्वामी रामानंद जी के शिष्य रविदास जी के कालजयी लेखन को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि उनकें रचित 40 दोहे गुरुग्रन्थ साहब जैसे महान ग्रन्थ में सम्मिलित किये गए हैं।

इन दिनों देश में भीम मीम के नाम से चल रहे प्रपंच को हमारे अनुसूचित जाति बंधुओं ने पहचानना चाहिए। ये वही मीम हैं जिन्होंने संत रैदास को नाना प्रकार से प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। मुस्लिम आक्रांताओं भारतीय समाज में अगड़े पिछड़े का भेद उत्पन्न किया था जिसे दूर करने का कार्य संत रैदास जीवन भर करते रहे थे। मुस्लिम शासकों के उन वंशजों से जो भीम मीम का नारा देते हैं; उनको आईना बताया जाना चाहिए, कि, किस प्रकार उनके पूर्वजों ने भारतीय समाज के दूध में विभाजन का नीबूँ मिलवाया था। मुस्लिम शासकों द्वारा संत रैदास के प्रति किए गए विरोध व अत्याचारों का हिसाब भी आज माँगा जाना चाहिए, और उन दुष्कृत्यों के प्रति क्षमाभाव प्रकट किया जाना चहाइये।

धार्मिक, राजनैतिक, सामाजिक स्तर पर मतांतरण हिन्दुस्थान में सदियों से एक चिंतनीय विषय रहा है। हमारे देश में मतांतरण की चर्चा और चिंता आठ सौ वर्षों पूर्व प्रारम्भ हो गई थी। समय-काल-परिस्थिति के अनुसार यह चिंता कभी मुखर होती रही तो कभी मुस्लिम आक्रान्ताओं और आतताइयों से दबे-कुचले स्वरुप में पीढ़ी दर पीढ़ी प्रवाहित होती रही। बारहवीं सदी में जब मुस्लिम आक्रान्ता भारत की ओर बढ़े तब वे धन लूटनें और इस्लाम की स्थापना के स्पष्ट और घोषित एजेंडे के साथ आये थे। इन विदेशी आक्रान्ताओं के लिए भारत की जनता को बहला फुसलाकर या जबरदस्ती मतांतरण कराना ही लक्ष्य था। भारतीय दर्शन के धुर विरोधी ये मुस्लिम आक्रान्ता, अपने तीन दुर्गुणों; मतांतरण, धार्मिक स्थानों का विध्वंस और भारत में लूट; के कारण कभी भी समरस और एकरस नहीं हो पाये।

संत रैदास ने जब समाज में आततायी विदेशी मुस्लिम शासक सिकंदर लोदी का आतंक और दबावपूर्वक मतांतरण का वातावरण देखा तब वे अत्यंत दुखी हो उठे। हिन्दुओं पर विभिन्न प्रकार के नाजायज कर जैसे तीर्थ यात्रा पर जजिया कर, शव दाह पर कर, हिन्दू रीति से विवाह करनें पर कर जैसे आततायी आदेशों से देश का हिन्दू समाज त्राहि-त्राहि कर उठा था। भारतीय-हिन्दू परंपराओं और आस्थाओं के पालन करनें वालों से कर वसूल करनें और मुस्लिम धर्म माननें वालों को छूट, प्राथमिकता वरीयता देनें के पीछे एक मात्र भाव यही था कि हिन्दू धर्मावलम्बी तंग आकर इस्लाम स्वीकार कर लें। उस समय में स्वामी रामानंद ने अपनें भक्ति भाव के माध्यम से देश में देश भक्ति का भाव जागृत किया और आततायी मुसलमान शासकों के विरुद्ध एक आन्दोलन को जन्म दिया था। स्वामी रामानन्द ने तत्कालीन परिस्थितियों को समझकर कर विभिन्न जातियों के प्रतिनिधि संतों को जोड़कर द्वादश भगवत शिष्य मण्डली स्थापित की। विभिन्न अगड़े समाजों का प्रतिनिधित्व करनें वाली इस द्वादश मंडली के सूत्रधार और प्रमुख, संत रविदास जी ही थे। संत रविदास ने अपने द्वादश मंडल के मंच से, समूचे भारत में घूम-घूमकर मुस्लिम शासकों के हिंदुओं पर लगने वाले अनुचित करों व मतांतरण का घोर विरोध किया। संत रैदास ने ऐसा समाज जागरण किया कि, धर्मांतरण को न केवल रोक दिया बल्कि मुस्लिम शासकों को खुली चुनौती देते हिन्दुओं की घर वापसी का अभियान भी चलाया। संत रविदास अगड़ी व पिछड़ी सभी जातियों में स्वीकार्य संत थे। वे विभिन्न हिंदू राज दरबारों में बड़े आदर व सम्मान के साथ बुलाए व सम्मानित किए जाते थे। संत रैदास को विभिन्न हिंदू राजदरबारों में मिल रहे इस सम्मान से देश में सामाजिक समरसता का अद्भुत वातावरण निर्मित हो चला था। संत रविदास भारतीय सामाजिक एकता के प्रत्येक बन गए थे। मुस्लिम शासकों को चुनौती देनें का जो दुष्कर कार्य हमारे राजे-महाराजे नहीं कर पाए थे वह एक संत ने कर दिया था!! पिछड़ी जातियों में आर्थिक व सामाजिक पिछड़ेपन के बाद भी स्वधर्म सम्मान का भाव जागृत करनें में रैदास सफल रहे और इसी का परिणाम है कि आज भी इन जातियों में मुस्लिम मतांतरण का बहुत कम प्रतिशत देखनें को मिलता है। निर्धन और अशिक्षित समाज में धर्मांतरण रोकनें और घर वापसी का जो अद्भुत, दूभर और दुष्कर कार्य उस काल में हुआ वह संत रविदासजी का ही सूत्रपात था। इससे मुस्लिम शासकों में उनकें प्रति भय का भाव हो गया।



मुस्लिम आततायी शासक सिकंदर लोदी ने सदन नाम के एक कसाई को संत रैदास के पास मुस्लिम धर्म अपनानें का सन्देश लेकर भेजा। यह ठीक वैसी ही घड़ी थी जैसी कि वर्तमान काल में बोधिसत्व बाबा साहेब आंबेडकर के समय आन खड़ी हुई थी। यदि उस समय कहीं संत रैदास आततायी लोदी के दिए लालच में फंस जाते या उससे भयभीत हो जाते तो इस देश के हिंदुस्थानी समाज की बड़ी ही एतिहासिक हानि होती। यदि उस दिन संत रैदास झुक जाते तो निस्संदेह आज इतिहास कुछ और होता, किन्तु धन्य हैं पूज्य संत रविदास कि वे टस से मस भी न हुए। वे दृढ़तापूर्वक समूचे देश में मतांतरण के विरुद्ध अलख जलाए रखनें का आव्हान भी करते रहे।

**रैदास रामायण में उन्होंने लिखा**
**वेद धर्म सबसे बड़ा अनुपम सच्चा ज्ञान**
**फिर क्यों छोड़ इसे पढ लूं झूठ कुरआन**
**वेद धर्म छोड़ूं नहीं कोसिस करो हजार**
**तिल-तिल काटो चाहि,गला काटो कटार**

देश ने अचंभित होकर यह दृश्य भी देखा कि संत रैदास को मुस्लिम हो जानें का सन्देश लेकर उनकें पास आनें वाला सदन कसाई स्वयं वैष्णव पंथ स्वीकार कर विष्णु भक्ति में रामदास के नाम से लीन हो गया। संत रैदास से चिढ़कर मुस्लिम शासकों ने उन्हें व उनकी टोली को चमार या चांडाल घोषित कर दिया। दूसरी ओर, देश के सभी हिंदू राजाओं ने उन्हें अत्यधिक आदर व सम्मान देना प्रारंभ कर दिया था। चित्तौड़ राजवंश की महारानी मीरा ने तो संत रैदास को गुरु रूप में धारण किया था। रैदास भक्त मीरा नें स्वरचित पदों में अनेकों बार संत रैदास का गुरु स्वरूप स्मरण किया है।

**'गुरु रैदास मिले मोहि पूरे, धुरसे कलम भिड़ी।**
**सत गुरु सैन दई जब आके जोत रली।'**
**'कह रैदास तेरी भगति दूरि है, भाग बड़े सो पावै तजि अभिमान मेटि आपा पर, पिपिलक हवै चुनि खावै।'**

अर्थात, संत रैदास आपकी भक्ति में ही अहोभाग्य है। अभिमान शून्य रहकर काम करने वाला व्यक्ति जीवन में सफल रहता है जैसे कि हाथी शक्कर के कणों को चुनने में असमर्थ रहता है, जबकि 'पिपीलिका' यानि चींटी इन कणों को सहजता से खा लेती हैं।

अपनें सहज-सुलभ उदाहरणों वाले और साधारण भाषा में दिए जानें वाले प्रवचनों और प्रबोधनों के कारण संत रैदास भारतीय समाज में अत्यंत आदरणीय और पूज्यनीय हो गए थे। वे भारतीय वर्ण व्यवस्था को भी समाज और समय अनुरूप ढालनें में सफल हो चले थे। वे अपनें अन्तकाल तक मतांतरण विरोधी के रूप में सक्रिय रहे। वैदिक धर्म में घर वापसी का कार्य भी संपन्न कराते रहे।

**-प्रवीण गुगनानी**
**(सलाहकार, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, राजभाषा)**

# राशिफल

**फाल्गुन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भावुकता पर नियंत्रण रखें। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं से बचें।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
गृह कलह के संकेत हैं लेकिन भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी में अच्छी स्थिति दिख रही है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
धनार्जन होगा। कुटुंबो में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान अभी भी मध्यम है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
नव ऊर्जा का बोध होगा। प्रेम संतान अच्छा व्यापार बहुत अच्छा सुधार की तरफ हर चीज में आप जा रहे हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। मन थोड़ा परेशान रहेगा। बाकी स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार की स्थिति बहुत अच्छी है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। प्रेम, संतान सुधर चुका है। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है। बाकी हर लिहाज से बहुत अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
भाग्य में सुधार होगा। स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम, संतान बहुत अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा। बजरंगबली को प्रणाम करते रहें।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, थ, दे, दो, च, चा, चि)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम।

# जेवर एयरपोर्ट पर आईजीएल स्थापित करेगी दो सीएनजी स्टेशन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जेवर में निर्माणाधीन जेवर एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को ऊर्जा कुशल हवाई अड्डा बनाने की कड़ी में बड़ा फैसला लिया गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्राकृतिक गैस सीएनजी की संरचना विकसित करने के लिए इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड आईजीएल आगे आया है। आईजीएल जेवर एयरपोर्ट पर दो सीएनजी स्टेशन स्थापित करेगा, स्टेशन स्थापित करने के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और आईजीएल के बीच करार हुआ है।

जेवर में बनाए जा रहे एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन सीजीडी नेटवर्क को विकसित करने के लिए इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने कदम आगे बढ़ाया है। आईजीएल सीएनजी स्टेशनों से निर्माण कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। इस भागीदारी से टर्मिनल और सहायक एयरपोर्ट भवनों में विभिन्न एफ एंड बी आउटलेट्स लॉन और रसोई तक नेचुरल गैस पीएनजी की आपूर्ति पाइपलाइन से की जाएगी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और आईजीएल के बीच हुए करार के बाद आईजीएल जेवर एयरपोर्ट पर दो सीएनजी स्टेशन स्थापित करेगा यह स्टेशन एक पश्चिमी परिसर में और दूसरा साइड क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफर सलमान ने इस अवसर पर कहा कि इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के साथ हमारा सहयोग एक टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार हो रहे एयरपोर्ट को बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर को एकीकृत करके हम हवाई अड्डे के उपयोगकताओं को स्वच्छ ईंधन विकल्प प्रदान कर रहे हैं साथ ही इस क्षेत्र में हरित गतिशीलता के लिए व्यापक बदलाव का समर्थन कर रहे हैं। यह पहला एयरपोर्ट है जो पर्यावरण के प्रति सभी मापदंड अपना रहा है।


## ताराचंद नायक मिले केन्द्रीय मंत्री से



**नई दिल्ली ( चेतना मंच )।** भारत सरकार के जनजातीय मंत्री जुएल ओराम से कल भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय बंजारा महासभा के उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष ताराचंद नायक ने दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर ताराचंद नायक ने बंजारा समाज उत्थान को लेकर चर्चा की।

श्री नायक ने बताया कि केंद्रीय जनजातीय मंत्री से उन्होंने मुलाकात किया और समाज के उत्थान को लेकर बातचीत की।

## मुस्कुराहटें



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही )
ज्ञानपुर ( भदोही )

हमारी मुस्कुराहटें
अब फूल नहीं बरसातीं
हमारे बचपन और युवावस्था
के सुहाने सपने,
कोहरे की धुंध में ढंके गांव,
सब अलोप हो गए।
ढंक लिये इन्हें
बारुदी बादलों ने।
बदल गई परिस्थितियां
रिश्तो में कभी न खुलने वाली
गांठ पड़ गईं।
छोटे भाइयों और अपने ही
बेटों के बच्चे, नहीं पहचानते
अपने दादा दादी परदादा
बड़े पिता को
गांव के घर पर रहने वाले
छोटे-छोटे नन्हे मुन्नों को
जो अपने ही सगे रिश्तों में हैं।
बुजुर्गों के आशीष
वरद्हस्त शुभकामनाओं की
नहीं रह गई पूंछ।
हां कभीं-कभीं मोबाइल पर
पुत्र पौत्र प्रपौत्र हाथ हिलाकर
हलो हाय बाय थैंक यू
कैसे हैं, कैसी हो दादी दादू
माम कर लेते हैं।
जिसका कई दादा दादी मॉम
तो अर्थ भी नहीं समझते हैं।
कैसी संस्कृति पनप गई
यूज एंड थ्रो वाली
सभ्यता फल फूल रही है।
बस उसमें फल फूल नहीं ,
कांटे ही कांटे हैं।
बनावटी मुस्कुराहटें,
कभी फूल तो नहीं बरसा
सकतीं सिर्फ कुटिलता छिपाने
का अभ्यास करती हैं।
जैसे कि आजकल हमारे देश
के बड़े नेता और उनके पुछल्ले
करते हैं।
इसलिए अब मुस्कुराहटों का
तर्ज बदल गया है।
कैक्टस को आंगन के गमलों
में सजाकर
मां बाप को दालान में रख
दिया गया है।
अब मुस्कुराहटों से फूल कभी
नहीं झरेगा
यह सत्य का निचोड़ है
जीवन का यथार्थ है
अब मुस्कुराहट का अर्थ
उपहास है।

## सपाइयों ने मनाई संत रविदास जी की जयंती



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर महान संत रविदास की जयंती मनाई गई और उनके जीवन पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर उनके त्याग और जीवन दर्शन को याद किया गया। इस मौके पर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि संत रविदास जी भारत में 15वीं शताब्दी में जन्मे के एक महान संत, समाज-सुधारक और ईश्वर के अनुयायी थे। ईश्वर के प्रति उनका असीम प्रेम और अनुराग था। उन्होंने अपने अनुयायी और सामाजिक लोगों में सुधार के लिए अपने महान कविता लेखनों के जरिए विविध प्रकार के आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश दिए। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। संत रविदास जी भारत के उन विशेष महापुरुषों में से एक हैं जिन्होंने अपने आध्यात्मिक वचनों से सारे संसार को एकता भाईचारा का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ महेन्द्र नागर, गजराज नागर चेयरमैन, यूनुस प्रधान, एडवोकेट रामसरन नागर, मेहंदी हसन, नवीन भाटी, अकबर खान, विकास जतन, दीपक नागर, कपिल ननका, सीपी सोलंकी, सुनील बदौली, हैप्पी पंडित, राहुल आर्यन, कुलदीप भाटी, अनूप तिवारी, इंजीनियर गजेन्द्र यादव, जुगती सिंह, मुरारीलाल गौतम, ब्राह्मपाल भाटी, उपेंद्र यादव, मलखान सिंह जाटव, असगर सैफी आदि मौजूद रहे।

## 'आप' नेताओं ने लगाई संगम में डुबकी

**नोएडा /प्रयागराज ( चेतना मंच )।** आम आदमी पार्टी किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमांडो अशोक तथा आप के प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव निगम ने महामंडलेश्वर राजेंद्र नंद सरस्वती के सानिध्य में ग्रेटर नोएडा से सैकड़ों साथियों के साथ प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के अवसर पर संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद ममता भाटी द्वारा ग्रेटर नोएडा में चल रहे मां सती निहाल दे शक्तिपीठ ट्रस्ट द्वारा संगम नगरी में किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डॉ लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी का स्वागत समारोह हुआ। जिसमें कमांडो अशोक ने डॉ लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को मुकुट पहनाकर तलवार भेंट की। साथ ही उनकी टीम के सभी साथियों को फूल मालाओं से स्वागत कर तलवारे भेट की।

इससे पूर्व शंकराचार्य अनंता नंद सरस्वती को भी मुकुट एवं तलवार भेंट कर स्वागत किया गया। ग्रेटर नोएडा से चलने के बाद रास्ते में इटावा और कानपुर में लोगो ने महामंडलेश्वर राजेंद्र नंद सरस्वती जी एवं कमांडो अशोक का लोगो ने स्वागत किया। साथ में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजीव निगम, प्रमोद बॉस, संतोष सोनी, विनय गुप्ता, सुनील शर्मा, प्रदीप राजपूत, सुमित एवं रजनीश सहित सैकड़ों साथी मौजूद रहे।



## समाजसेवी गजेंद्र सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**नोएडा ( चेतना मंच )।** पूर्वांचल मित्र मंडल छठ पूजा समिति सेक्टर-31 के अध्यक्ष एवं समाजसेवी गजेंद्र सिंह के निधन पर छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों एवं निठारी ग्राम वासियों द्वारा निठारी गांव में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साठ वर्षीय गजेंद्र सिंह का आकस्मिक निधन मंगलवार को हृदय आघात होने के कारण हुआ था। पूर्वांचल मित्र मंडल छठ पूजा समिति द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर राम फूल अवाना, राघवेंद्र दुबे, अर्जुन प्रजापति, अरविंद, सूरज सिंह, नाहर सिंह, चंदन, आकाश, सुबोध, जितेंद्र, मनीष, मंगल ठाकुर, कुशल भाटी, सचिन अवाना एडवोकेट, जय प्रकाश गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## एक करोड़ से ज्यादा का गांजा नष्ट

### 7 थानों ने जब्त किया था 6 किलो से ज्यादा का माल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** न्यायालय के निर्देश के बाद गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने विभिन्न थानों पर पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के अभियोगो से संबंधित 646.705 किलोग्राम गांजे को नष्ट कराया। नष्ट कराए गए गांजे की कीमत करीब 1 करोड़ 25 लाख रुपए है।

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में डीजी मुख्यालय नारकोटिक्स के निर्देश के बाद कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों पर पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के अभियोग से संबंधित मादक पदार्थों को नियम अनुसार नष्ट किए जाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी व डीसीपी नारकोटिक्स अशोक कुमार के निर्देशन में कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर के 7 थानों पर पंजीकृत 134 अभियोगों से संबंधित 646.705 किलोग्राम गांजे को नेशनल वुड प्रोडक्ट्स साइट फाइव कासना में नष्ट कराया गया।



नष्ट कराए गए गांजे में थाना कासना पर पंजीकृत दो अभियोगों से संबंधित 452.4 किग्रा, थाना सेक्टर 39 के एक अभियोग से संबंधित 107 किलोग्राम, थाना फेस वन में दर्ज 21 अभियोग से संबंधित 32. 890 किलोग्राम गांजा, थाना सेक्टर 20 पर 7 अभियोग से संबंधित 4.750 किलोग्राम गांजा, थाना सेक्टर 24 पर 43 अभियोग से संबंधित 28. 545 किलोग्राम गांजा, थाना सेक्टर 49 पर एक अभियोग से संबंधित 1.100 किलोग्राम गांजा तथा थाना सेक्टर 58 में दर्ज 27 अभियोग से संबंधित 20 किलोग्राम गांजे का डिस्पोजल कराया गया।

## दिल्ली-एनसीआर से बाइक चुराने वाले बदमाशों से मुठभेड़

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। इनके पास से तमंचा,कारतूस व चोरी की बाइक बरामद हुई है। पकड़े गए दोनों बदमाश भीड़भाड़ वाले स्थानों की रेकी करने के बाद बाइक चोरी करने की वारदातों को अंजाम देते थे।

एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि थाना सेक्टर 24 पुलिस सेक्टर 57 चौकी की तरफ जाने वाली सड़क पर चेकिंग कर रही थी। खोड़ा कॉलोनी की तरफ से सेक्टर 54 की तरफ बाइक पर आ रहे दो युवकों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगे। हड़बड़ी में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गिर गई। खुद को घिरा देखकर एक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया जबकि उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। पकड़े गए घायल बदमाश ने अपना नाम अमन पाल पुत्र सुरेंद्र पाल निवासी राजवीर कॉलोनी दिल्ली बताया। इसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। एडीसीपी ने बताया कि पुलिस ने कांबिंग के दौरान फरार बदमाश राज चौहान पुत्र रामकुमार चौहान निवासी मयूर विहार फेस 3 दिल्ली को भी दबोच लिया। पूछताछ में दोनों बदमाशों ने बताया कि वह दिल्ली, एनसीआर क्षेत्र में रेकी करने के बाद वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। पकड़े गए अमन पाल पर 7 तथा राज चौहान पर दो मुकदमे पंजीकृत हैं।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## पृष्ठ एक के शेष....

**वक्फ बिल पर...**

रिपोर्ट पेश होने के बाद भारी हंगामा हुआ। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वक्फ बिल पर हमारे अनेक सदस्यों ने डिसेंट नोट्स दिए हैं। उनको प्रॉसीडिंग से निकालना अलोकतांत्रिक है। जितने लोगों ने डिसेंट नोट्स दिए हैं, क्या उनमें से कोई पढ़ा-लिखा नहीं है। आपको उसे अपनी रिपोर्ट में डालकर बोलना चाहिए। उसको डिलीट करके आप रिपोर्ट दे रहे हैं। ऐसी फर्जी रिपोर्ट को हम नहीं मानते, सदन कभी नहीं मानेगा। आप डायरेक्शन दीजिए और सभी डिसेंट नोट्स को शामिल करके रिपोर्ट पेश कीजिए। जो स्टेकहोल्डर्स नहीं हैं, उनको बाहर से बुला-बुलाकर उनके व्यूज लिए गए। मेंबर्स एजिटेट क्यों होते हैं, वे अपने परिवार के लिए नहीं पूरे समाज के लिए परेशान होते हैं। ये संविधान के विरुद्ध ऐसी चीजें होती हैं तो ऐसे ही गड़बड़ होता है। लोग प्रोटेस्ट करते हैं. मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा नड्डा साहब पुराने नेताओं को सुनते हैं. आपका इंफ्लूएंस भी हैं। आप इसे जेपीसी को भेजिए और संवैधानिक तरीके से फिर लाइए, हम देखेंगे।

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा है कि मुसलमानों के खिलाफ नफरत का माहौल बनाया जा रहा है। वहीं, कांग्रेस के ही राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा है कि देश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम इस बिल के खिलाफ हैं। हमें संविधान के तहत जो अधिकार मिले हैं, ये उसके खिलाफ है। ये बिल इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाएगा। इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि सरकार ने हमारे डिसेंट नोट्स भी हटा दिए हैं। अल्पसंख्यकों को टार्गेट करना इनका एजेंडा है।

**देश तोड़ने वालों का...**

अधिकार है कि वह भी कुछ डिलीट कर सकता है. ये तुष्टिकरण की राजनीति है. कुछ लोग देश को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, कुछ लोग भारत स्टेट के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं. जो लोग देश को खंडित करने का काम कर रहे हैं, उनका हाथ मजबूत करने का काम कांग्रेस कर रही है।

**शिवालिक पार्क में...**

पौध, खेती के औजार, उद्यान का सजावटी सामान, कीटनाशक गमले यहां लाए जा रहे है। इसके अलावा जल्द ही रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। उद्यान एवं लैंड स्केपिंग प्रतियोगिता, सब्जियों पर नक्काशी कलर, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता, पुष्प प्रदर्शनी, बोनसाई, कैक्टस, और सकुलेंट्स, फोलिऐज एंव सजावटी पुष्पाकृतियां, हैंगिंग बास्केट्स, वर्टिकल गार्डन, इकेबाना शामिल है। यहां इस बार कैक्टस, बोनसाई, फलों एवं सब्जियों के अलावा कई सरकारी और निजी संस्थानों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

**सड़क सुरक्षा पर...**

सहायक संभागीय कार्यालय में एसओईडीए की समस्त प्रदूषण जांच इकाईयों के साथ बैठक की गई। श्री वर्मा ने बताया कि प्रदूषण जांच केंद्र संचालकों को समझाया गया कि नगर लाभार्थी परिवहन प्राधिकरण, गौतम बुद्ध नगर द्वारा मान्यता प्राप्त प्रदूषण जांच केंद्र के अलावा अन्य जिलों से मान्यता प्राप्त केंद्र यहां कार्य कर रहे हैं। ऐसे प्रदूषण जांच केंद्रों के विरुद्ध परिवहन प्रवर्तन द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

**फोन स्नैचिंग व वाहन...**

की बाइक तथा लूटे गए 3 मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। एडीसीपी के मुताबिक दोनों बदमाश शातिर किस्म के आदतन अपराधी है। दोनों बदमाश चोरी की बाइक पर सवार होकर मोबाइल फोन स्नैचिंग,लूट व वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। पकड़े गए धीरज उर्फ धीरेंद्र पर 19 मुकदमे पंजीकृत है।

**पुलिस ने घेराबंदी कर...**

सिंहानी गेट गाजियाबाद में रह रहा है। उन्होंने बताया कि मौके से फरार बदमाश जोगेंद्र सैनी व अनस को पुलिस ने कांबिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक तमंचा, कारतूस, चोरी की इको गाड़ी तथा घटना में प्रयुक्त एक वैगनआर कार बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि तीनों बदमाश शातिर वाहन चोर हैं । पकड़े गए सहदेव पर 14, जोगेंद्र सैनी पर दो तथा अनस पर एक मुकदमा पंजीकृत है।

**खास खबर**

## इंग्लैंड ने टॉम बैंटन को टीम में किया शामिल

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड ने भारतीय टीम के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया है। इंग्लैंड ने अपनी टीम में एक बदलाव करते हुए टॉम बैंटन को शामिल किया है। वहीं भारतीय टीम में तीन बदलावों के साथ ही वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल किया गया है। वहीं रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी को आराम दिया गया है । भारतीय टीम पहले दो मैच जीतकर इस सीरीज में 2-0 से आगे है। अब उसका लक्ष्य इस तीसरे मैच को भी जीतना रहेगा।

## शेल्डन जैक्सन ने क्रिकेट से लिया संन्यास

मुम्बई । घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकार्ड के बाद भी भारतीय टीम में अवसर नहीं मिलने से निराश बल्लेबाज शेल्डन जैक्सन ने खेल से संन्यास ले लिया है। शेल्डन ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में गुजरात से हार के सा ही अपने संन्यास की घोषणा कर दी। 38 साल के इस क्रिकेटर ने करीब 15 साल के अपने करियर में 105 प्रथम श्रेणी मैचों में 7200 से अधिक रन बनाए। इसमें 21 शतक और 39 अर्धशतक शामिला है। उनका सबसे अधिक स्कोर 186 रन रहा. शेल्डन ने अपने करियर का अंत 45 से ज्यादा की औसत के साथ किया, जिससे प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनके प्रदर्शन की निरंतरता का पता चलता है। वह एक विश्वसनीय बल्लेबाज होने के साथ अच्छे फील्डर भी रहे हैं।. सौराष्ट्र की तरफ से सीमित ओवरों की क्रिकेट में उन्होंने विकेटकीपिंग भी की! उन्होंने गुजरात के खिलाफ खेले गए अपने अंतिम मैच में 14 और 27 रन बनाए। इस क्रिकेटर जैक्सन ने 2011 में सौराष्ट्र की तरफ से अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरूआत की। उनके शानदार प्रदर्शन से सौराष्ट्र ने 2012-13 के रणजी सत्र में पहली बार इस टूनार्मेंट के फाइनल में प्रवेश किया। घरेलू क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन के बला पर ही जैक्सन को वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारत ए टीम में भी जगह मिली थी। उन्होंने 2015-16 में सौराष्ट्र को रणजी चैंपियन बनने में भी अहम भूमिका निभाई थी।

## ट्रॉफी से पहले स्टार्क भी ऑस्ट्रेलियाई टीम से हुए बाहर

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क 19 फरवरी से होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट से बाहर हो गये हैं। स्टार्क का बाहर होना ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए करारा झटका है क्योंकि उसके कई प्रमुख खिलाड़ी पहले ही बाहर हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है स्टार्क चोटिल होने के कारण इस टूनार्मेंट में नहीं खेलेंगे। इससे पहले कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के अलावा मिचेल मार्श भी फिट नहीं होने के कारण टीम से बहार हो गये थे। इन प्रमुख खिलाड़ियों के बाहर होने से टीम का गेंदबाजी आक्रमण पहले से ही कमजोर था ऐसे में स्टार्क के नहीं होने से टीम की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। कमिंस और हेजलवुड के बाहर होने के बाद टीम को सभी उम्मीदें स्टार्क से थीं पर उसके बाहर होने से टीम के पास अब उनके स्तर का कोई विकल्प नहीं है। स्टार्क ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट के दौरान केवल सिर्फ चार ओवर गेंदबाजी की थी।

### राष्ट्रीय खेल : टेबल टेनिस मिश्रित डबल्स में दिखा रोमांच

# महाराष्ट्र और प. बंगाल ने किया दमदार प्रर्दशन

एजेंसी

**देहरादून।** 38वें राष्ट्रीय खेलों में टेबल टेनिस के मिश्रित डबल्स मुकाबले रोमांच से भरपूर रहे। पारेड ग्राउंड के मल्टी पर्पस हॉल में हुए इन मैचों में खिलाड़ियों ने अपने कौशल और जुझारूपन का शानदार प्रदर्शन किया।



पहले मुकाबले में पश्चिम बंगाल के अनिर्बान घोष और अहीका मुखर्जी ने तमिलनाडु के अमलराज एंथनी और शिवशंकर एंथनी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। तमिलनाडु की जोड़ी ने पहला सेट 7-11 से जीता, लेकिन इसके बाद पश्चिम बंगाल ने 11-3, 11-6 और 11-4 से लगातार तीन सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

दूसरे मुकाबले में महाराष्ट्र की कश मोदी और तनीषा कोटेचा ने पश्चिम बंगाल के रोनित भंजा और सुत्रीथा मुखर्जी को हराया। पहला सेट पश्चिम बंगाल की जोड़ी ने 13-15 से जीता, लेकिन कश और तनीषा ने दमदार वापसी करते हुए 11-3, 11-8 और 11-4 से तीन सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

तीसरे मुकाबले में महाराष्ट्र के अल्बुकर्क रेगन और स्वस्तिका घोष ने पश्चिम बंगाल के आकाश पाल और पॉयमाम्टी बैसिया को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया। पहले दो सेट महाराष्ट्र ने 11-7 और 11-5 से जीते, लेकिन पश्चिम बंगाल की जोड़ी ने 7-11 और 8-11 से वापसी कर ली। हालांकि, निर्णायक सेट में महाराष्ट्र ने 11-8 से जीत दर्ज की। चौथे और अंतिम मुकाबले में महाराष्ट्र के चिनमय सोमैया और रीथ ऋष्या ने तमिलनाडु के सथियान ज्ञानसेकरन और सेलेना दीप्ती सेल्वकुमार को हराया। तमिलनाडु ने पहला सेट 5-11 से जीता, लेकिन महाराष्ट्र ने दूसरे सेट में 11-9 से बराबरी कर ली। इसके बाद तमिलनाडु ने 9-11 से बढ़त बनाई, लेकिन महाराष्ट्र ने अगले दो सेट 11-4 और 11-7 से जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। टेबल टेनिस के इन रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को बेहद उत्साहित किया और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत व खेल के प्रति जुनून की झलक पेश की।

## लगन लक्षकार ओलम्पिक में करेगी भारतीय जूडो टीम का प्रतिनिधित्व

एजेंसी

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले की छात्रा लगन लक्ष्यकार आगामी 2028 में संयुक्त राज्य अमेरिका के लांस एंजिल्स में होने वाले ओलम्पिक खेलों में भारतीय जूडो टीम से प्रतिनिधित्व करेगी. स्पोट्र्स अथारिटी आफ इण्डिया के परफार्मेन्स डाइरेक्टर यशपाल सोलंकी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक लगन लक्षकार को 57 किलो ग्राम वर्ग में जूडो के लिए चयनित किया गया है. उसने पिछले दिनों महाराष्ट्र के पुणे में हुयी राष्ट्रीय चेम्पियन शिप में गोल्ड मेडल जीत कर देश की टीम में अपनी जगह बनाई है. भारत सरकार द्वारा उसे इस हेतु आवश्यक प्रशिक्षण दिलाने के लिए 25 मार्च को जार्जिया भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है की खेल कूद के क्षेत्र में महोबा जिले का देश दुनिया में नाम रोशन करने वाली छात्रा लगन लक्षकार




यहांचरखारी क्षेत्र में रिवई गाँव के स्थित पंडित दीन दयाल मॉडल स्कूल में इंटर मीडिएट (12वीं ) की छात्रा है.इसके पहले उसने त्रिपुरा में आयोजित स्कूल गेम्स में आल इण्डिया स्तर पर तीसरी रेंक हासिल की थी. जिसके बाद उसे नेशनल खिलाया गया. जिसमे क्वालीफाई करके उसने राष्ट्रीय टीम में मुकाम पाया है. सरकारी स्कूल में पढ़ाई करते हुये लगन लक्ष्यकार ने महज पांच वर्ष की उम्र से जूडो कराटे का कठिन अभ्यास किया है.इन दिनों वह स्पोर्ट अथारिटी आफ इण्डिया भोपाल में प्रशिक्षणरत है।

# बुमराह को चैम्पियंस ट्रॉफी में नहीं किया गया शामिल

एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो गये हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने बुमराह को इसलिए शामिल नहीं किया क्योंकि वह किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं लेना चाहती थी। चयन समिति को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ने जो रिपोर्ट दी उसमें कहा कि बुमराह अपनी पीट की एंठन से उबर गये हैं पर टूनार्मेंट शुरू होने से पहले वह पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। ये कहा नहीं जा सकता है। ऐसे में चयनसमिति उन्हें शामिल कर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती थी। मेडिकल रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा गया है कि तेज गेंदबाज ने अपना




रिहैब पूरा कर लिया है हालांकि, बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की मेडिकल टीम यह पुष्टि नहीं कर सकी कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में गेंदबाजी के लिए तैयार हो पाएंगे या नहीं। ऐसे में अगरकर को अंतिम फैसला लेना था। अगरकर ने बुमराह की एक एक फिट युवा हर्षित राणा को शामिल करना ज्यादा बेहतर समझा। रिपोर्ट के अनुसार अगरकर बुमराह की फिटनेस को खतरे में नहीं डालना चाहते थे। बुमराह 2022 में पहले ही पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी करवा चुके हैं। उन्हें सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम टेस्ट में गेंदबाजी करते समय एक और चोट लग गई। वह पहली पारी में 10 ओवर फेंकने के बाद बाहर हो गए थे। उन्हें एक महीने का पूरा आराम दिया गया। बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पूरी सफेद गेंद की घरेलू सीरीज के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। बुमराह को 5 सप्ताह के लिए आराम करने के लिए कहा गया था, जिसके बाद एनसीए में उनका रिहैब स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग ट्रेनर रजनीकांत और फिजियो तुलसी की देखरेख में हुआ। एनसीए ने कहा कि बुमराह की मेडिकल रिपोर्ट ठीक है, अधिकारी ने यह भी पुष्टि की कि बुमराह की स्कैन रिपोर्ट ठीक थी, लेकिन एनसीए प्रमुख नितिन पटेल ने अगरकर पर अंतिम निर्णय छोड़ दिया क्योंकि बुमराह का मैच की स्थिति में परीक्षण नहीं किया गया था।

# स्पिनर गजनफर चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर

एजेंसी

मुम्ब्ई । अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले करारा झटका लगा है। अफगानिस्तान के स्पिनर गजनफर चोटिल होने के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो गये हैं। गजनफर ने पिछले साल अफगानिस्तान टीम के लिए एकदिवसीय डेब्यू किया था। इस गेंदबाज ने तब से ही अच्छा प्रदर्शन करते हुए 11 एकदिवसीय मैचों में 21 विकेट लिए हैं। इस तेज गेंदबाजी के फ्रैक्चर हो गया है जिसकी वजह से वह आईसीसी टूनार्मेंट से बाहर हुए हैं। यह चोट उनको हाल ही में जिम्बाब्वे दौरे के दौरान लगी थी. गजनफर इस चोट की वजह से



कम से कम चार महीने तक मैदान से बाहर रहेंगे। उनकी जगह पर नंग्याल खारोटी को मुख्य टीम में शामिल किया गया है।

गजनफर को मुंबई इंडियंस ने पिछले साल आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में 4.80 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब वह इस साल होने वाले आईपीएल से भी बाहर गये हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान की टीम अपना पहला मुकाबला 21 फरवरी को कराची में दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी। इसके बाद 26 फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड से उसका मुकाबला होगा। अफगानिस्तान की टीम तीसरा और अंतिम ग्रुप स्तर का मैच 28 फरवरी को गद्दाफी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी।

## ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर कुहनेमन अवैध गेंदबाजी एक्शन के आरोप में फंसे

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन संदेह के घेरे में हैं। कुहनेमन पर अवैध गेंदबाजी एक्शन के आरोप लगे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है कि श्रीलंका के खिलाफ गाले में हुए दो मैचों में उनके एक्शन पर सवाल उठे हैं। कुहनेमन ने इस सीरीज में 16 विकेट लिए लिए थे। अब उन्हें ऐ जांच से गुजरना होगा जिससे तय होगा कि उनका एक्शन सही है या गलत। वहीं यदि मूल्यांकन के बाद उनके एक्शन को अवैध माना जाता है तो कुहनेमन को गेंदबाजी से निलंबित कर दिया जाएगा। इसके बाद वह तभी गेंदबाजी कर पायेंगे जब उनका एक्शन मूल्यांकन में सही पाया जाएगा। कुहनेमन अभी तस्मानिया के लिए घरेलू क्रिकेट खेल सकते हैं पर अंतरराष्ट्रीय



स्तर पर गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे। सीए ने अपने एक बयान में कहा, ऑस्ट्रेलियाई टीम को गाले में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद मैच अधिकारियों ने उनके एक्शन को लेकर जानकारी दी। इस स्पिनर ने साल 2017 में अपने पदार्पण के बाद से 124 पेशेवर मैच खेले हैं, जिसमें पांच टेस्ट मैच और चार एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल हैं। उन्होंने 2018 से 55 बिग बैश लीग खेल खेले हैं।

## कुंबले ने पत्नी के साथ संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने पत्नी चेतना रामतीर्था के साथ माघ पूर्णिमा के अवसर संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद दोनो ने सूर्य को अर्घ्य दिया और पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने नाव पर सवार होकर खींची तस्वीरें सोशल मीडिया में साझा कीं। इसमें माघ पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रमा की छवि भी नजर आ रही है। इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बने कुंबले महाकुम्भ की भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत दिखे। कुंबले ने संगम स्नान के बाद अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। उन्होंने अपनी तस्वीरों के साथ केवल एक शब्द लिखा ह्यआशीर्वाद। इससे उनका तात्पर्य यही था कि त्रिवेणी संगम में स्नान कर उन्हें भी पुण्य की प्राप्ति हुई और तीर्थराज प्रयागराज का आशीष मिला है।

# इस साल आईसीसी ट्रॉफी जीत सकती है दक्षिण अफ्रीका : स्मिथ

एजेंसी

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि इसी साल उनकी टीम आईसीसी ट्रॉफी जीत सकती है। दक्षिण अफ्रीका ने आज तक कोई भी आईसीसी टूनार्मेंट नहीं जीता है। स्मिथ ने कहा, ह्यउम्मीद है कि हम अपनी मेजबानी में साल 2027 में होने वाले विश्वकप से पहले ही कोई आईसीसी ट्रॉफी जीत लेंगे। फिर चाहे वह चैम्पियंस ट्रॉफी हो या विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल इस पूर्व कप्तान ने कहा, ह्यअगले तीन साल में हम स्टेडियमों, पिचों और अपने क्रिकेट ढ़ांचे को बेहतर करने के प्रयास जारी रखेंगे जिससे 2027 एकदिवसीय विश्व कप को जीता जा सके। दक्षिण अफ्रीका चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी उतरेगी




इसमें उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। ये पहली बार है जब दक्षिण अफ्रीकी टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची है।

स्मिथ ने उन बातों को अधारहीन बताया है जिसमें कहा गया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल का दक्षिण अफ्रीका का सफर आसान रहा है। उन्होंने कहा, ह्यआजकल क्रिकेट में कोई सफर आसान नहीं होता। शुरू ही से सभी टीमों को पता था कि किसे किससे खेलना है। दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीतकर क्वालीफाई किया है। सभी को टेस्ट इकोसिस्टम देखना चाहिए कि वह कैसे काम करता है। वहीं लीग क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर स्मिथ ने कहा कि टी20 क्रिकेट का बढ़ना तय है पर सभी सदस्य देशों को मिलकर ऐसा मॉडल बनाना होगा कि बाकी प्रारूप भी सुरक्षित रहें। साथ ही कहा कि , ह्यमैं चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट मजबूत रहे और अगर छह सात देशों में भी रह गया तो काफी प्रतिस्पर्धी होगा और मजबूत भी बना रहेगा। दुनिया भर में शुरू हो रही फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट के अस्तित्व को बचाये रखने के सवाल पर उन्होंने कहा, ह्यटी20 क्रिकेट ने अमेरिका और दूसरे क्षेत्रों में नये दर्शक दिए हैं और अब हम आने वाले समय में इसे ओलंपिक में भी देखेंगे। इसने काफी दर्शक जोड़े हैं। मुझे लगता है कि फ्रेंचाइजी आधारित क्रिकेट में अंत में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ तीन चार लीग बचेंगी और शायद एक टू टियर सिस्टम। भविष्य में सभी सदस्य देशों को साथ मिलकर एक दूसरे की लीग को मजबूत बनाना होगा।

### सीके नायडू अंडर 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट

# उत्तर प्रदेश के खिलाफ झारखंड को 8 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त

▶ जतिन की घातक गेंदबाजी

एजेंसी

**रांची।** जतिन की घातक गेंदबाजी की बदौलत झारखंड की टीम ग्रीन पार्क कानपुर में चल रहे सी के नायडू अंडर - 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत उत्तर प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में आठ रनों की महत्वपूर्ण बढ़त प्राप्त करने में सफल रही। झारखंड के जतिन ने केवल 74 रन देखकर उत्तर प्रदेश के 7 खिलाड़ियों को आउट किया। इसके अलावे साहिल राज ने 98 रन देकर दो विकेट लिए। उत्तर



प्रदेश ने आज कल के दो विकेट पर 256 रनों से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसकी टीम झारखंड की पहली पारी 427 रन से 8 पीछे रह गई। उत्तर प्रदेश में 97.5 ओवर में सभी विकेट खोलकर 419 रन बनाए। हालांकि कल के नाबाद बल्लेबाज स्वास्तिक एवं सिद्धार्थ यादव ने 232 रनों की साझेदारी निभाकर अपनी टीम को बढ़त दिलाने की भरपुर कोशिश की लेकिन कामयाब नही रहे। स्वास्तिक ने पांच छक्के एवं 16 चौके की मदद से 153 रन बनाए। सिद्धार्थ यादव ने दो छक्के व 18 चौके की मदद से 160 रनों की पारी खेली। आराध्या यादव ने 8 छक्के की मदद से 61 रन बनाए। पहली पारी में आठ रनों की

झारखंड पहली पारी - 427
उत्तर प्रदेश पहली पारी- 419
झारखंड दूसरी पारी - 4/118

बढ़त प्राप्त करने के बाद झारखंड ने अपनी दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 118 बना लिए थे ।अब तक उसकी कुल बढ़त 126 रनों की हो चुकी है । झारखंड की दूसरी पारी में शिखर मोहन ने 30 एवं आर्यन हुड्डा ने 53 रन बनाए। साहिल राज 14 और ओम सिंह तीन रन बनाकर नाबाद थे।

# नेहरा ने कोच को गिफ्ट में दिया घर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा अपने दौर के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक माने जाते हैं। नेहरा संन्यास के बाद से ही कोच के तौर पर खेल से जुड़े हैं। हाल ही में एक नेहरा को लेकर एक ऐसी बात सामने आई है जिसे जानने के बाद पता चलता है कि वह कितने बड़े दिलवाले हैं। सोशल मीडिया में इसका एक वीडियो भी आया है, इसमें बताया गया है कि नेहरा ने अपने कोच तारक सिन्हा को बेघर होता देख उन्हें नया मकान खरीदकर दिया था। तारक सिन्हा उनके बचपन के कोच थे। . भारतीय क्रिकेट को आशीष नेहरा, शिखर धवन,



आकाश चोपड़ा, ऋषभ पंत, मनोज प्रभाकर और अंजुम चोपड़ा जैसे एक से बढ़कर एक स्टार खिलाड़ी देने वाले तारक का 2021 में निधन हो गया था। कमेंटेर पदमजीत सेहरावत ने कहा कि आशीष नेहरा ने अपने कोच का कठिन समय में साथ दिया था। सेहरावत ने कहा कि जब नेहरा को जब पता चला कि कोच तारक सिन्हा को किराए का घर खाली करने का नोटिस मिला है तो उन्होंने 3 दिन में नया घर खरीदकर उनको उपहार में दिया। पदमजीत ने बताया, ह्यएक बार, नेहरा सोननेट क्रिकेट क्लब में ट्रेनिंग ले रहे थे और कोच तारक सिन्हा मैदान पर देर से पहुंचे। नेहरा ने अपने कोच से मजाक में कहा, ह्यआप अपने छात्रों को कैसे ट्रेनिंग देंगे, जब आप स्वयं ही देर से आते हैं? इसपर कोच ने कहा, ह्यआप एक भारतीय क्रिकेटर हैं आप एक बंगले में रहते हैं, और मैं किराए के घर में। मेरे मकान मालिक ने नोटिस भेजा है कि हमें दो दिनों के भीतर वह जगह खाली करनी होगी।

### मीडिया कप क्रिकेट 2025 : मयूराक्षी, भैरवी, अमानत और स्वर्णरेखा नॉकआउट में पहुंचे

# लीग मैच के आखिरी दिन शंख और भैरवी जीते

एजेंसी

**रांची ।** रांची प्रेस क्लब मीडिया क्रिकेट के छठे दिन जेके क्रिकेट मैदान में लीग चरण समाप्त हुआ। बुधवार को भैरवी (180/3) ने स्वर्णरेखा (148/9) को 32 रनों से हराया। इस मुकाबले में भैरवी के कप्तान अभिषेक सिन्हा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मुकाबले में शंख (185/3) ने गंगा (98/9) को 87 रनों से मात देकर पहली जीत दर्ज की। शंख के अमित कुमार सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**कप्तानी पारी ने भैरवी को दिलाई जीत**

दिन के पहले मुकाबले में भैरवी के कप्तान अभिषेक सिन्हा ने 54






गेंदों में 94 रन और गेंद से 1 विकेट झटके। जितेंद्र कुमार ने 35 रनों की पारी खेली। दामोदर की ओर से नीतिश कुमार ने किफायती गेंदबाजी कर 1 विकेट लिए। दूसरी पारी में दामोदर की ओर से सुमित ने 31 और बासुदेव मिश्रा ने 26 सर्वाधिक रन बनाए। भैरवी के मनोज ने 3 और मनोरंजन ने 2 विकेट लिए।

**जीत के बावजूद शंख बाहर**

शंख की ओर से अमित सिंह ने 54 गेंदों में 95 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। विक्की ने 29 गेंदों में 54 रन बनाकर अमित का साथ दिया। दूसरी पारी में शंख के सुनील सिंह ने 4 और मनोज ने 2 विकेट लेकर गंगा को 98 रनों पर रोक दिया। गंगा की ओर से अमित सर्वाधिक 24 रन बनाए। आरपीसी मीडिया कप के टाइटल

**पहला सेमीफाइनल**
मयूराक्षी VS स्वर्णरेखा
14 फरवरी, सुबह 8:30 बजे से जेके क्रिकेट मैदान
**दूसरा सेमीफाइनल**
भैरवी VS अमानत
14 फरवरी दोपहर 12:30 बजे से जेके क्रिकेट मैदान
**फाइनल**
16 फरवरी दोपहर 12:00 बजे, जेके क्रिकेट मैदान

स्पोंसर टाटा स्टील, को स्पोंसर अडानी पावर, मदर जीरामनी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, अलेक्सा रिजॉट एन्ड रेस्टोरेंट, सपोटिंग पार्टनर टाइटन वल्र्ड हरमू (रोड)एन्ड जके इंटरनेशनल स्कूल (जेके क्रिकेट एकेडमी ) रहे।



हर्बिन में कजाकिस्तान की नडेजदा मोरोजोवा महिलाओं की 1000 मीटर स्पीड स्केटिंग में भाग लेती हुई।



# थायराइड

## भी हो सकता है थकान का कारण

क्या आपके साथ भी ऐसे होता है कि आप सारा दिन काम करते करते इतना थक जाती है कि आप अपना मनपंसद टी.वी शो भी अच्छी तरह से नहीं देख पाती और घर में हमेशा थका-थका महसूस करती है। घर पर सीढ़ियां चढ़ने के वक्त,कोई भी काम करने के वक्त या बैड से उठने के वक्त भी ऐसा महसूस होना कि जितनी नींद हमने ली है वो अभी भी पर्याप्त नहीं है। स्वस्थ ऊर्जा का निर्माण स्वास्थ्यवर्द्धक पाचन प्रणाली से शुरु होता है विटामिन बी की कमी से भी थकान महसूस होती है। हल्की थकान तथा गंभीर थकान में से आप खुद को किसका शिकार महसूस करती हैं और वास्तव में आपके साथ गलत क्या हो रहा है ?

- थकावट महसूस होने के कई कारण हो सकते है। जब भी शरीर में थकावट महसूस हो तो थोड़ा इधर-उधर टहल कर आप अपनी थकावट को दूर कर सकती है।जब आप थकी होती हैं तो आपका मैटाबोलिक रेट कम हो जाता है और आप कम कैलोरीज बर्न करती हैं। इसी कारण आपको थकावट महसूस होती है। कसरत करने से भी आप सारा दिन बेहतर महसूस करेंगी और काम करने के बाद भी थकावट कम महसूस होगी।
- हमारे शरीर में थकान महसूस होने के कई कारण हो सकते है। कई बार विटामिन्स की कमी होने पर भी हम कोई भी काम करने के बाद थकावट महसूस करते है। आयरन की कमी होने पर भी थकान महसूस होती है। यदि आपको अपनी त्वचा पीली दिखाई दे, अपनी धड़कन तेज महसूस हो और चिड़चिड़ापन महसूस हो तो आयरन से भरपूर डाइट आपको इस समस्या से निजात पाने में सहायक हो सकती है।
- अपने वातावरण को ताजा बनाए रखें और बोर होने से बचें जब भी आप बोर हो रही हो तो संगीत का लुत्फ उठा सकती है और बोरियत आपके मूड को प्रभावित करती है।
- आपकी थकावट का कारण थायराइड भी हो सकता है। सुबह के समय थकान थायराइड की कमजोर कार्यप्रणाली का चिन्ह हो सकती है। इसलिए थायराइड की जांच अवश्य करवाएं।
- भरपूर नींद न लेने की वजह से भी आप सारा दिन थकान महसूस कर सकती है।शरीर के लिए भरपूर नींद लेना भी बहुत जरूरी होता है। इसलिए रात के समय कम से कम 8 घंटे नींद लेना जरूरी है और दिन के समय बीच में कम से कम 20-30 मिनट की नींद जरूर लें ।
- दिन में भारी भोजन करने की बजाय अपने भोजन में साबुत अनाज, ओट्स, अंकुरित खाद्य तथा बहुत सारी सब्जियां तथा फल शामिल करें।



## ताकि दर्द में न बीतें सर्दियां

सर्दियों में जुकाम और खांसी से बचकर रहें सर्दियों में जुकाम और खांसी से बचकर रहें

सर्दियों को वैसे तो खाने पीने और घूमने फिरने का मौसम माना जाता है, लेकिन हेल्थ प्रॉब्लम्स भी इस मौसम में परेशान करती हैं। अब जब सर्दियों ने दस्तक दे ही दी है, तो क्यों न इस मौसम की दिक्कतों से बचने के लिए हम पहले से ही करते चलें बचाव के इंतजाम। यहां पर कुछ हेल्थ टिप्स दिये हुए हैं, जिन्हें आप सर्दियों में फिट रहने के लिये इस्तेमाल कर सकती हैं -

### सर्दी, जुकाम, खांसी

इस मौसम की कॉमन प्रॉब्लम है सर्दी, जुकाम और खांसी। अगर आपको हर दिन सुबह उठते ही छींक आती है और जुकाम जैसा लगता है, तो परेशान होने की कोई जरूरत नहीं। यह प्रॉब्लम होती है एलर्जी की वजह से और एलर्जी से आप तभी बचकर रह सकती हैं, जब आप हेल्दी डाइट लेंगी।

### वायरल के लक्षण हैं

सिर दर्द, आंखों से पानी बहना, बदन टूटा सा लगना वगैरह। इसके इलाज के लिए बैलेंस डायट लेना जरूरी है। विटामिन, प्रोटीन और मिनरल्स की सही मात्रा होनी चाहिए। खाने में फल और हरी सब्जियां ज्यादा हों।

### क्या करें

अपनी डेली डायट में सेब, मौसमी फल, अंगूर और फिश को शामिल करें। ये प्रॉब्लम्स एलर्जी की वजह से होती हैं और ये फूड आपको एलर्जी से बचाए रखेंगे। इसके अलावा गर्मागर्म ब्लैक टी भी आपको इस प्रॉब्लम से दूर रखने में हेल्प करेगी। अगर आप इस प्रॉब्लम पर गौर नहीं करेंगी, तो आपकी बॉडी की प्रतिरोधात्मक क्षमता कम होती चली जाएगी। वैसे, यह प्रॉब्लम उन जगहों पर ज्यादा होती है, जहां ठंडी हवाएं चलती हैं। सर्दी से बचने के लिए चेस्ट को अच्छी तरह से ढककर रखें, गले को लपेट कर और गरम कपड़े पहनें। डॉक्टर की सलाह पर दवाएं लें। नाक बंद हो तो स्टीम लें।एक रिसर्च के मुताबिक, जो महिलाएं हफ्ते में 5 दिन तकरीबन 45 मिनट एक्सरसाइज करती हैं, उन्हें जुकाम कम होता है।



## भोजन के साथ चाय या कॉफी पीने के नुक्सान

कई लोग भोजन के साथ या भोजन के बाद चाय का सेवन करने के शौकीन होते है लेकिन भोजन के साथ चाय या कॉफी का अत्यधिक सेवन करना नुक्सानदायक साबित हो सकता है।चाय या कॉफी का अत्यधिक सेवन करने से हमारे शरीर को कई रोगों का शिकार होना पड़ सकता है जैसे ब्लड प्रैशर की समस्या, मधुमेह और वजन बढ़ने की समस्या,पेट संबंधी समस्याएं भी पैदा हो सकती है।चाय या कॉफी में अत्यधिक कैफीन होने को कारण यह हमारे शरीर के लिए नुक्सानदायक साबित होती है।कई लोगों का ऐसा मानने है कि भोजन के साथ चाय पीने से भोजन आसानी से पच जाता है लेकिन ऐसा न होकर इसका बुरा प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है।आइए जानें भोजन के साथ चाय या कॉफी पीने के नुक्सान।


- भोजन के साथ चाय या कॉफी पीने से पेट संबंधी समस्याएं जैसे एसीडिटी की समस्या पैदा हो सकती है और पाचन क्रिया पर भी बुरा असर पड़ता है।
- चाय का अत्यधिक सेवन करने से मुंह की समस्याएं पैदा हो सकती है ,चाय ज्यादा पीने से गले और मुंह में खुश्की की समस्या पैदा हो सकती है।
- चाय का अत्यधिक सेवन करने से इसमें मौजूद कैफीन हमारे शरीर के लिए नुक्सानदायक साबित हो सकता है ,कैफीन हमारे शरीर में एसिड बना देता है जिसका सीधा असर हमारी किडनी पर पड़ता है।
- चाय या कॉफी पीने से आंतो पर बुरा असर पड़ता है और यह आंतों को भी कमजोर बना देती है।
- भोजन के साथ चाय या कॉफी का सेवन करने से भोजन में मौजूद पौष्टिक पदार्थ हमारे शरीर तक नहीं पहुंच पाते।
- चाय या कॉफी का अत्यधिक सेवन करने से अनिद्रा जैसी बीमारी का भी शिकार होना पड़ सकता है।
- चाय या कॉफी का अत्यधिक सेवन करने से फेफड़ों पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

## जैतून का तेल रखता है दिल को दुरुस्त



जैतून तेल का नियमित इस्तेमाल दिल को तो दुरुस्त बनाता ही है, दिल संबंधी बीमारियों के जोखिमों को भी घटाता है। ग्लासगो तथा लिस्बन विश्वविद्यालयों और जर्मनी में मोसाइक्यूज डायग्नोस्टिक्स के अध्ययनकर्ताओं ने जैतून के तेल का असर जानने के लिए मिलकर काम किया।अमेरिकी जर्नल क्लीनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित अध्ययन में जैतून सहित पौधे में पाए जाने वाले प्राकृतिक अवयव फेनोलिक्स के हृदय पर पड़ने वाले असर को परखा गया। अमेरिका में संघीय औषधि प्रशासन और यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण का मानना है कि मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड के साथ फेनोलिक्स, जैतून के तेल के रक्षात्मक प्रभाव के लिए जिम्मेदार होता है। अध्ययन का पहलू यह रहा कि लक्षित समूहों पर इसका असर देखा गया यानी ऐसे लोग जो हमेशा जैतून का तेल इस्तेमाल नहीं करते हैं। स्वास्थ्य पर तेल पूरकों के असर के अध्ययन के लिए अध्ययन टीम ने नई डायग्नोस्टिक तकनीक को आजमाया। धमनी संबंधी (सीएडी), किडनी संबंधी (सीकेडी) और मधुमेह जैसी बीमारियों के संकेत के लिए पहचानी गई पेपटाइड्स (खंडित प्रोटीन से निर्मित) के रेंज को जानने के लिए पेशाब के नमूने की जांच की गई। परिणाम से पता चला कि दोनों समूहों में बीमारी की सबसे सामान्य किस्म सीएडी के नतीजे में बड़ा बदलाव दिखा।

## विटामिन बी1 की कमी ब्रेन को कर देती है फेल



नई खोज से पता चला है कि विटामिन बी1 की कमी से ब्रेन की घातक बीमारी वैनिक इंसेफैलॉपथी हो सकती है। ऐल्कॉहॉल और एड्स के 75-80 पर्सेंट केसों में इस बीमारी के होने की आशंका रहती है। यह ब्रेन की ऐसी बीमारी है, जिसमें समय पर इलाज नहीं होने पर मरीज इंसेफैलॉपथी का शिकार हो जाता है।

मेटाबॉलिक संतुलन बिगड़ने और नशीले पदार्थ का सेवन करने से यह बीमारी होती है। लायोला यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के न्यूरॉलजिस्ट के मुताबिक, वैनिक इंसेफैलॉपथी से पीड़ित में कन्फ्यूजन, भ्रम, कोमा, मांसपेशियों की कमजोरी और दृष्टि दोष जैसी दिक्कतें होती हैं। यही बाद में स्थायी तौर पर ब्रेन डैमेज का कारण बनती हैं और मरीज की मौत भी हो जाती है। साइंस अमेरिकन मेडिसिन जर्नल में इस नई खोज को प्रकाशित किया गया है।

# सीताफल

## स्वादिष्ट मीठे फल के 10 गुण

सीताफल इतने गुणों से भरपूर है कि शायद ही शरीर का कोई हिस्सा ऐसा हो जिसे यह फायदा न पहुंचाता हो। जानिए सीताफल के 10 गुणों के बारे में...



1. सीताफल में वजन बढ़ाने की क्षमता भरपूर होती है और अगर आप वजन बढ़ाने के सारे जतन करके थक चुके हैं तो तैयार हो जाएं एक नए और मीठे उपाय के लिए। आपको बस सीताफल को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना है और आपका मनचाहा फिगर आप पा सकेंगे बहुत ही जल्दी।
2. सीताफल में प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट विटामिन सी बहुत ज्यादा मात्रा में होता है। विटामिन सी में शरीर की रोगों से लड़ने वाली शक्ति यानी इम्युन सिस्टम को बढ़ाने की क्षमता होती है तो हर दिन एक बार सीताफल खाइए और भगाइए दूर बीमारियों को।
3. क्या आप अक्सर कमजोरी महसूस करते हैं? सीताफल आपकी यह परेशानी दूर कर सकता है। सीताफल बहुत ही अच्छा एनर्जी का स्रोत होता है और इसके सेवन से थकावट और मसल्स मतलब मांसपेशियों की कमजोरी आपको बिलकुल भी महसूस नहीं होगी। बस, सीताफल को अपनी डाइट में शामिल कर लीजिए।
4. विटामिन बी कॉम्प्लेक्स से भरा हुआ सीताफल दिमाग को शीतलता देने का भी काम करता है। यह आपको चिड़चिड़ेपन से बचाकर निराशा को दूर रखता है। तो फिर बस, सीताफल अपनाइए और अपनी मानसिक शांति को रखिए अपने साथ हमेशा।
5. सीताफल आपके दांतों के स्वास्थ्य के लिए भी बहुत उत्तम है। इसको नियमित खाकर आप दांतों और मसूड़ों में होने वाले दर्द से छुटकारा पा सकते हैं।
6. खून की कमी यानी एनीमिया से बचना अब बिलकुल आसान है। सीताफल का हर दिन इस्तेमाल खून की अल्पता को खत्म कर देता है और उल्टियों के प्रभाव को भी कम करता है।
7. सीताफल आंखों की देखने की क्षमता बढ़ाता है, क्योंकि इसमें विटामिन सी और रिबोफ्लॉविन काफी ज्यादा होता है। इससे नंबर के चश्मे को आप खुद से बड़ी आसानी से दूर रख सकते हैं।
8. सीताफल में मौजूद मैग्नीशियम शरीर में पानी को संतुलित करता है और इस तरह से जोड़ों में होने वाले अम्ल को हटा देता है। यह अम्ल गठिया रोग का मुख्य कारण होता है और इस तरह से सीताफल गठिया रोग से सुरक्षा करता है।
9. दिल की तंदुरुस्ती अब बिलकुल आसान है। इसमें सोडियम और पोटेशियम संतुलित मात्रा में होते हैं जिससे खून का बहाव यानी ब्लड प्रेशर में अचानक होने वाले बदलाव नियंत्रित हो जाते हैं।
10. दोनों प्रकार की शुगर को संतुलित रखना सीताफल के उपयोग के साथ बहुत ही आसान है। इसमें शरीर में होने वाली शुगर को सोख लेने का गुण होता है और इस तरह से यह शुगर का शरीर में स्तर सामान्य बनाए रखता है।

सीताफल एक लाजवाब, स्वादिष्ट और मीठा फल होने के साथ-साथ अपने में अनगिनत औषधीय गुणों को शामिल किए हुए है। पूरे शरीर को स्वस्थ और बीमारियों से दूर रखने का यह एक बहुत ही आसान उपाय है।



# विजय देवरकोंडा की वीडी 12 के लिए रणबीर कपूर ने दिया वॉयस ओवर

बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर का नाम साउथ स्टार विजय देवरकोंडा की आगामी फिल्म 'वीडी 12' से जुड़ गया है। दरअसल, अभिनेता ने इस फिल्म के लिए वॉयस ओवर दिया है। खास बात यह है कि रणबीर कपूर ने इस फिल्म के टीजर की रिकॉर्डिंग मुंबई में की जो अब चर्चा का विषय बन गया है।

### मुंबई में हुई रिकॉर्डिंग

एक इंडस्ट्री सूत्र ने इस बार में कहा, विजय देवरकोंडा अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वीडी 12' रिलीज के लिए तैयार हैं। इस फिल्म के टीजर के लिए रणबीर कपूर ने वॉयस ओवर दिया है, जिसकी रिकॉर्डिंग मुंबई में हुई।

### इस फिल्म में आखिरी बार पर्दे पर दिखे थे विजय

फिल्म का टीजर 12 फरवरी को रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा की भूमिका को लेकर फैंस में जबर्दस्त उत्साह है। विजय देवरकोंडा को आखिरी बार निर्देशक नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में विशिष्ट रोल में देखा गया था। फिल्म में उनकी भूमिका की खूब चर्चा हुई थी।

### एनिमल में नजर आए थे रणबीर

वहीं, रणबीर कपूर की बात करें तो वह निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद रणबीर के पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं।

### इन बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा हैं रणबीर

वह नितेश तिवारी की रामायण में भगवान राम का किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म में उनके साथ साई पल्लवी भी होंगी, जो माता सीता का किरदार निभाती दिखेंगी। इसके अलावा रणबीर कपूर निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में भी दिखाई देंगे, जहां वह अपनी पत्नी आलिया भट्ट और संजू के सह-कलाकार विकी कौशल के साथ काम करेंगे।



# करीना-प्रियंका से लेकर पत्रलेखा तक, प्रोड्यूसर की कुर्सी पर भी इन अदाकाराओं का कब्जा

हाल ही में नेटफ्लिक्स ने अपने इस साल के प्रोजेक्ट्स का एलान किया। इनमें राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा अभिनीत फिल्म टोस्टर भी शामिल है। इस फिल्म को राजकुमार राव की पत्नी पत्रलेखा प्रोड्यूस कर रही हैं। सिनेमा की दुनिया में फिल्म निर्माण की कमान अब महिलाएं भी अपने हाथों में लेने लगी हैं। कई चर्चित अभिनेत्रियां भी बतौर निर्माता कुर्सी संभाल चुकी हैं और संभाल रही हैं। आइए जानते हैं..

### करीना कपूर

कपूर खानदान की लाडली करीना कपूर ने फिल्म रिफ्यूजी से अभिनय की दुनिया में दस्तक दी। इसके बाद कई फिल्मों में उन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। अब वे बतौर निर्माता भी डेब्यू कर चुकी हैं। करीना कपूर खान ने फिल्म द बकिंघम मर्डर्स से बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू किया। यह फिल्म 13 सितंबर, 2024 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म को करीना कपूर खान और एकता कपूर ने मिलकर प्रोड्यूस किया था। हंसल मेहता ने इसका निर्देशन किया।

### प्रियंका चोपड़ा

प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड की जानी मानी एक्ट्रेस हैं। वह बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आती हैं। एक्ट्रेस फिल्मों में काम करने के साथ एक प्रोडक्शन हाउस भी चलाती हैं। वह पर्पल पेबल पिक्चर्स प्रोडक्शन हाउस की मालकिन हैं। उन्होंने इसकी शुरुआत साल 2015 में की थी। अभी तक इस प्रोडक्शन हाउस के अंडर तमाम फिल्में तैयार की जा चुकी हैं। इस लिस्ट में मराठी, बंगाली, पंजाबी और भोजपुरी भाषा की फिल्में भी शामिल हैं।



### अनुष्का शर्मा

अनुष्का शर्मा एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। उन्होंने बॉलीवुड में कई बेहतरीन और हिट फिल्में की हैं। वहीं, अनुष्का शर्मा ने भी अपने भाई कर्णेश शर्मा के साथ मिलकर क्लीन स्लेट फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की थी। इस प्रोडक्शन हाउस के अंडर कई फिल्में तैयार की जा चुकी हैं, जिसमें से ज्यादातर फिल्मों में अनुष्का ने अभिनय किया है। इन फिल्मों में एन एच 10, परी, फिल्लौरी, जैसी फिल्में शामिल हैं। अनुष्का के प्रोडक्शन हाउस में वेब सीरीज भी बनी हैं।



### दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण ने साल 2018 में केए एंटरटेनमेंट नाम प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने एसिड अटैक के ऊपर फिल्म छपाक तैयार की थी। इस फिल्म में दीपिका ने मुख्य किरदार अदा किया था। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पूरी तरह से फ्लॉप रही थी।




### कंगना रणौत

कंगना रणौत बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस में से एक हैं। वह किसी भी पहचान की मोहताज नहीं है। एक्ट्रेस ने साल 2021 में मणिकर्णिका फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की थी। उन्होंने इस प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत नए कलाकारों को मौका देने के लिए की थी।

### आलिया, तापसी और कृति

आलिया भट्ट ने भी साल 2021 में एटरनल सनशाइन प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की थी, जिसकी शुरुआत पर एक्ट्रेस काफी खुश हैं। तापसी पन्नू भी इस लिस्ट में शामिल हैं। उन्होंने भी आउटसाइडर्स फिल्म्स नामक प्रोडक्शन हाउस की शुरुआती की थी। एक्ट्रेस ने भी इस प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत नए कलाकारों को मौका देने के लिए की थी, जिन लोगों का इंडस्ट्री में कोई भी गॉडफादर नहीं है और लंबे वक्त से स्ट्रगल कर रहे हैं। इसके अलावा कृति सेनन भी लिस्ट में हैं।



# अखंड 2 में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे आदि पिनिसेट्टी

बालकृष्ण का दुश्मन मिला गया यह अभिनेता मचाएगा खलनायक की भूमिका में कोहराम नंदमुरी बालकृष्ण अभिनीत अखंड बॉक्स ऑफिस पर छा गई थी। अब निर्देशक बोयापति और सुपरस्टार बालकृष्ण अखंड 2 की तैयारी में लगे हुए हैं। इस फिल्म में कई कलाकार जुड़ रहे हैं, जिस कड़ी में आज इस फिल्म के खलनायक का नाम सामने आया है। 25 सितंबर 2025 को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसके लिए सारे निर्देशक, निर्माता इसकी मेकिंग में व्यस्त हैं। अखंड फिल्म में बतौर अभिनेत्री काम करने वाली प्रज्ञा अब अखंड 2 का हिस्सा नहीं होंगी, अब इनकी जगह संयुक्ता नजर आएंगी। वहीं खलनायक रोल में बालकृष्ण के दुश्मन के रूप में आदि पिनिसेट्टी नजर आएंगे। इससे पहले यह सराईनोडु फिल्म में विलेन भूमिका में नजर आ चुके हैं।

### बोयापति-नंदमुरी की जोड़ी ने किया धमाल

साउथ सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु ने साथ मिलकर तीन ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। तीनों फिल्में- सिम्हा, लीजेंड और अखंड बॉक्स ऑफिस पर छा गई थी। इसके बाद बोयापति की यह चौथी फिल्म अखंड 2-तांडवम है।

### अखंड 2 में सितारे आएंगे नजर

फिल्म अखंड 2 पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी। इसे हिंदी, अंग्रेजी के अलावा कई अन्य हिंदी भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म में संयुक्ता मुख्य भूमिका में हैं, जिसका निर्माण 14 रील्स प्लस बैनर के तहत राम अचंता और गोपीचंद अचंता ने किया है। थमन ने संगीत तैयार किया है। यह फिल्म 25 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### पहले पार्ट ने की थी बंपर कमाई

नंदमुरी बालकृष्ण और प्रज्ञा जैसवाल अभिनीत फिल्म अखंड ने 100 करोड़ रूपये से ज्यादा की कमाई की थी। यह एक्शन ड्रामा फिल्म दर्शकों को बहुत पसंद आई थी, अब इसके दूसरे पार्ट को इंतजार लोगों से बेसब्री से है।



# क्या 20 करोड़ रुपये फीस चार्ज करते हैं जयदीप अहलावत?

'पाताल लोक 2' वेब सीरीज में इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी के रूप में शानदार अभिनय निभाने की वजह से चर्चा में रहने वाले अभिनेता जयदीप अहलावत। आजकल एक और कारणों से लोगों का ध्यान खींच रहे हैं, एक रिपोर्ट से यह सामने आया कि जयदीप ने अपनी फीस 50 गुना बढ़ाकर 20 करोड़ कर दी थी।

### क्या 20 करोड़ रुपये फीस लेते हैं जयदीप अहलावत?

हाल ही में जयदीप अहलावत अभिनीत वेब सीरीज पाताल लोक 2 ओटीटी पर रिलीज की गई है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया कि जयदीप ने पाताल लोक के दूसरे सीजन में अपनी फीस को 50 गुना बढ़ाकर 40 लाख से 20 करोड़ रुपये कर दिए हैं। इस पर बात करते हुए उन्होंने एक मीडिया रिपोर्ट में हंसते हुए बताया कि अगर इतना पैसा था तो आपको बताना चाहिए था, इसका उपयोग कर लेता। कहां गया ये पैसा। एक अन्य रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि पाताल लोक के दूसरे सीजन में उनकी फीस ज्यादा थी, क्योंकि समय के साथ आपका पैसा बढ़ता है। वैसे भी पाताल का पहला सीजन 2020 में आया था, जिसके ढाई साल बाद पाताल लोक 2 की शूटिंग शुरू हुई थी।

### पाताल लोक 2 ओटीटी पर मौजूद

जयदीप अहलावत की चर्चित वेब सीरीज पाताल लोक का दूसरा सीजन आ चुका है, बीते 17 जनवरी को इसे अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज कर दिया गया था। इस सीरीज में जयदीप के साथ तिलोत्तमा शोम, जाह्नु बरुआ, नागेश कुकुनूर और प्रशांत तमांग भी शामिल हैं।

### जयदीप अहलावत का वर्क फ्रंट

जयदीप अहलावत के वर्क फ्रंट की बात करें तो मौजूदा समय में वह अपनी सीरीज पाताल लोक के सीजन 2 की सफलता का आनंद ले रहे हैं। अपनी आगामी प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए, उन्होंने बताया, मैंने सैफ के साथ एक फिल्म की, ज्वेल थीफ, मैंने विपुल अमृतलाल शाह के साथ, हिसाब की। जयदीप फैमिली मैन 3 में भी नजर आएंगे।



# ओटीटी से मोटी रकम वसूलते हैं ये अभिनेता

कोविड महामारी के बाद से ओटीटी की दुनिया ने सिनेमा प्रेमियों के बीच में अपनी खास जगह बनाई। दर्शकों का एक बड़ा तबका ओटीटी पर शिफ्ट हुआ। इस बदलाव ने बहुत सारे कलाकारों के लिए नए अवसर भी पैदा किए। इसकी बदौलत अभिनय की दुनिया के कई कलाकार ओटीटी के माध्यम से उभर कर सामने आए। बॉलीवुड के कई दिग्गज अभिनेताओं ने भी ओटीटी का रुख किया। बड़े पर्दे पर मोटी रकम वसूलने वाले अभिनेताओं ने ओटीटी की दुनिया में भी फीस लेने में अव्वल रहें। आइए आज हम कुछ ऐसे ही अभिनेताओं के बारे में जानते हैं, जो ओटीटी पर अभिनय करने के लिए अच्छी-खासी फीस वसूलते हैं।

### अजय देवगन

अभिनेता अजय देवगन बॉलीवुड के दिग्गज सितारों में से एक हैं। अपने करियर में उन्होंने कई सारी सुपरहिट फिल्में की हैं। 'रुद्र- द एज ऑफ डार्कनेस' से उन्होंने ओटीटी में डेब्यू किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस सीरीज के लिए अभिनेता ने 125 करोड़ की फीस ली थी।



### सैफ अली खान

सैफ अली खान बड़े पर्दे के साथ-साथ ओटीटी पर भी धमाल मचा चुके हैं। अभिनेता 'सेक्रेड गेम्स' और 'तांडव' जैसी वेब सीरीज में काम कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह अपने प्रोजेक्ट के लिए 15 करोड़ रुपये की फीस लेते हैं।

### जयदीप अहलावत

जयदीप अहलावत ने बॉलीवुड के अलावा कई ओटीटी फिल्मों और सीरीज में काम किया है। हाल ही में उनकी वेब सीरीज 'पाताल लोक 2' रिलीज हुई। इससे पहले वह 'थ्री ऑफ अस', 'महाराज', 'पाताल लोक' और अन्य की कई वेब सीरीज में नजर आ चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता अपने प्रोजेक्ट के लिए 20 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं।



### पंकज त्रिपाठी

पंकज त्रिपाठी ने अपने करियर की शुरुआत बॉलीवुड फिल्मों से की, लेकिन उन्हें असली पहचान ओटीटी से मिली। लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिर्जापुर' में 'कालीन भैया' के किरदार ने उन्हें जन-जन के बीच मशहूर कर दिया। वह एक बेहतरीन अभिनेता भी हैं। वह बहुत सारी ओटीटी फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता अपने एक प्रोजेक्ट के लिए 12 करोड़ रुपये की फीस लेते हैं।

### करीना कपूर खान

अभिनेत्री करीना कपूर खान ने बड़े पर्दे के अलावा ओटीटी की दुनिया में भी अपना जलवा बिखेरा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह एक ओटीटी प्रोजेक्ट में काम करने के लिए 10 से 12 करोड़ रुपये की फीस लेती हैं।



# भारत में वस्त्र उद्योग देता है सबसे ज्यादा रोजगार : गिरिराज सिंह

## ग्रेटर नोएडा में सबसे बड़ा टेक्सटाइल शो भारत टेक्सटाइल एक्सपो-2025 शुरू

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो




मार्ट में विश्व के सबसे बड़े टेक्सटाइल-शो भारत टेक्सटाइल एक्सपो का शुभारंभ किया। 12 से 15 फरवरी तक चलने वाले इस मेगा इवेंट में हैंडीक्राफ्ट, गारमेंट्स और हस्तनिर्मित मशीनों का प्रदर्शन किया जाएगा। एक्सपो में 110 देशों से 6000 से अधिक खरीदारों के शामिल होने की उम्मीद है। सरकार इस आयोजन के जरिए छोटे और बड़े व्यापारियों को बढ़ावा देने की पहल कर रही है। यह एक्सपो दिल्ली मंडपम में भी आयोजित किया जा रहा है।

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह बताया कि 12 से 15 फरवरी 'ग्लोबल टेक्सटाइल एक्सपो-भारत टेक्स 2025' आयोजित किया जाएगा। भारत टेक्स 2025 का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम तथा ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में किया जाएगा।

इस दौरान केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत में कपड़ा उद्योग वर्ष 2030 तक 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने और इससे 3.5 करोड़ नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारत टेक्स 2025 एक वैश्विक कार्यक्रम है, जो कपड़ा निर्यात संवर्धन परिषदों के एक संघ द्वारा आयोजित किया गया है।

श्री सिंह ने कहा कि वस्त्र उद्योग भारत में सबसे बड़ा रोजगार सृजनकर्ता क्षेत्र है, जो सहायक क्षेत्रों के लिए नौकरियां और अवसर उत्पन्न करता है। भारत विश्व स्तर पर कपास और जूट वस्त्रों में अपनी महत्वपूर्ण उत्पादन क्षमता के लिए प्रसिद्ध है। हालांकि, वस्त्र उद्योग को वैश्विक बाजार में चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान और वियतनाम से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है।

भारत टैक्स 2025 भारत का सबसे बड़ा वैश्विक कपड़ा कार्यक्रम है जिसे टेक्सटाइल इंडस्ट्री और कपड़ा मंत्रालय की तरफ से समर्थन प्राप्त है. कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के कपड़ा क्षेत्र की विविधता, पैमाने और क्षमता को प्रदर्शित करने वाला एक मंच प्रदान करना है. इस साल आयोजन में 5,000 से अधिक प्रदर्शकों, 110 से अधिक देशों के 6,000 अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और 1.2 लाख से ज्यादा लोगों के आने की उम्मीद है। ग्लोबल टेक्सटाइल एक्सपो 2025 के उद्घाटन अवसर पर राज्यमंत्री पी मार्गेरिटा, गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा व टेक्सटाइल मंत्रालय से जुड़े अधिकारी शामिल हुए।

# सांसद व विधायक ने सदरपुर में किया बारातघर का लोकार्पण





**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ0 महेश शर्मा एवं नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने सदरपुर में नौएडा प्राधिकरण की रु0 2.53 करोड़ की विभिन्न जनहितैषी परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

ग्राम सदरपुर में ग्रामवासियों द्वारा की गई मांग के क्रम में नौएडा प्राधिकरण द्वारा रु0 237.39 लाख की लागत से नये बारातघर का निर्माण कराया गया है, जिसको सांसद एवं विधायक द्वारा लोकार्पित किया गया। विदित हो कि ग्राम सदरपुर के निवासियों द्वारा शादी-विवाह एवं अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु विगत काफी समय से अतिरिक्त बारातघर के निर्माण की मांग की जा रही थी।

इस दौरान ग्राम सदरपुर में मुख्य मार्ग से हनुमान मन्दिर तक सी.सी. रोड एवं ड्रेन के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया गया। नौएडा प्राधिकरण द्वारा जनहित के दृष्टिगत रु0 19.57 लाख की लागत से उक्त कार्य कराया जाना प्रस्तावित किया गया है।

इस दौरान नौएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी महेन्द्र प्रसाद, महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, नौएडा प्राधिकरण के महाप्रबन्धक (जल) आर0पी0 सिंह, उप महाप्रबन्धक (सिविल) विजय रावल, भाजपा के महामंत्री उमेशत्यागी, गणेश जाटव, डिम्पल आनंद तथा सदरपुर के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# चौधरी अजित सिंह की जयंती रालोद ने मनाई




**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की जयंती रालोद के नोएडा विधानसभा अध्यक्ष बी.एल.अग्रवाल के नेतृत्व में नोएडा सेक्टर-18 स्थित कार्यालय पर नोएडा विधानसभा टीम द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई गई। इस दौरान विधानसभा टीम की मासिक बैठक भी सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर रालोद के नेता विधानसभा अध्यक्ष बी.एल. अग्रवाल ने कहा कि चौ.अजित सिंह के मार्ग पर चलते हुए पार्टी को आगे बढाना है एवं नये कार्यकर्ताओं को पार्टी में जोड़ना है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस मौके पर विधानसभा महासचिव डा. एम. दीक्षित, विधानसभा सचिव सपना सोनी, विधानसभा उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** दलित उत्थान महासभा के तत्वाधान में अंबेडकर बिहार सेक्टर 37 के कार्यालय में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648वीं जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर कई वक्ताओं ने शिरोमणि संत रविदास के जीवन पर सभी वक्ताओं ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन दलित उत्थान महासभा के राष्ट्रीय महासचिव लाल सिंह गौतम ने किया एवं अध्यक्षता दलित उत्थान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार भारती ने की। राजकुमार भारती ने कहा कि संत रविदास ने हमेशा अपने दोहों के जरिए विश्व बंधुत्वव वसुधैव कुटुम्बकम की शिक्षा दी तथा सामाजिक न्याय का संदेश दिया।

इस अवसर पर दलित उत्थान महासभा के संस्थापक हरपाल सिंह, संरक्षक सुरेंद्र सिंह, महासचिव निरंजन सिंह, चरण सिंह कैन, बाबू सिंह गौतम, कालूराम, विजयपाल, रण सिंह, सुनील, प्रेमराज आदि लोग उपस्थित रहे।

# संत रविदास ने हमेशा सामाजिक एकता का संदेश दिया : गणेश जाटव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय नोएडा (मुख्यमंत्री अभ्युदय केंद्र) पर संचालन समिति दलित उत्थान सेवा समिति नोएडा के माध्यम से समाज सुधारक व कवि,संत शिरोमणी रविदास जी की जयंती के अवसर पर पुष्प अर्पण कर उन्हें याद किया गया।



इस मौके पर समिति संरक्षक गणेश जाटव ने बताया कि रविदास जी ने भक्ति आंदोलन में अपनी कविताओं और भजनों से समाजिक एकता व बंधुत्व का संदेश दिया। शोषित व वंचित वर्गों के उत्थान के प्रति समर्पित रविदास की शिक्षाएँ सभी के लिए अनुकरणीय हैं, उनके द्वारा वर्णित एक प्रसिद्ध मुहावरा 'मन चंगा तो, कठौती में गंगा' बहुत ही पवित्र छंद है। हमें ऐसे संतों का हमेशा स्मरण करना चाहिए

इस मौके पर संरक्षक बालक राम प्रधान, अध्यक्ष प्रीतम सिंह, राजेंद्र सिंह, जगत सिंह, रोहित चौधरी, राजकुमार (मोनू), सत्येंद्र सिरोही, एड. प्रेमसिंह, शोभाराम, आनंद, वीरेंद्र कुमार, विवेक कुमार और भारी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# नोएडा में विदेश भेजने के नाम पर 10 करोड़ रुपये की ठगी, कंपनी का मालिक फरार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर नोएडा में 10 करोड रुपए की ठगी का बड़ा मामला सामने आया है नौकरी



दिलाने के नाम पर लगभग 550 लोगों से 10 करोड रुपए ठग लिए गए हैं। कंपनी बंद करके उसका मालिक फरार हो गया है

नोएडा के सेक्टर-63 में फ्लाई विजन एंटरप्राइजेज नामक कंपनी ने 550 लोगों से 10 करोड रुपए की ठगी की है। फ्लाई विजन एंटरप्राइजेज नामक कंपनी के जरिए लोगों को जॉर्डन भेजने का झांसा दिया गया और उनसे लाखों रुपए वसूल लिए गए। जिस दिन इन लोगों को विदेश जाना था तो यह कंपनी पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। पीड़ितों को ऑफिस बंद मिला और कंपनी का मालिक फरार। इस बात से नाराज होकर पीड़ितों ने कंपनी के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो बड़े फर्जीबाड़े का पता चला इस मामले में पीड़ित की ओर से थाना सेक्टर-63 में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

नोएडा के सेक्टर-63 में स्थित फ्लाई विजन एंटरप्राइजेज कंपनी ने सोशल साइट पर विज्ञापन देकर अपने जाल में बेरोजगारों को फंसाया। कंपनी ने जॉर्डन में माली और मैकेनिक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 550 लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित विदेश जाने की तारीख पर कंपनी के कार्यालय पहुंचे तो मालिक फरार मिला। इस पर उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। गोरखपुर निवासी दीनानाथ चौहान ने बताया कि लंबे समय से वह बेरोजगार हैं। वह इंटरनेट पर नौकरी के बारे में सर्च कर रहे थे। एक साथी ने उनको फॉरेन जॉब सर्च साइट पर एक कंपनी के बारे में जानकारी दी। साइट पर दिए गए नंबर पर दीनानाथ से संपर्क किया तो उसे जॉर्डन में नौकरी के बारे में बताया गया।

कंपनी का ऑफिस शुरू में नोएडा के सेक्टर-69 में था। आरोपियों ने दीनानाथ और उसके साथियों को विदेश में माली और मैकेनिक की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। नौकरी 2 साल के अनुबंद पर दिलाने की बात हुई। नौकरी के एवज में हर महीने 800 दिनार मिलने का लालच दिया गया। भारतीय रूपयों में सैलरी की रकम एक लाख रुपए प्रति माह के रूप में आंकी गई। इसके बाद दीनानाथ समेत अन्य लोगों से आरोपियों ने 70 हजार रूपये ले लिए। इसमें हवाई जहाज का टिकट और वीजा समेत अन्य सारी सुविधाएं दिलाने की बात कही गई थी।

एक केंद्र पर पीड़ितों का मेडिकल कराया गया और वीजा और हवाई टिकट भी दी गई। पीड़ितों को पहले 6 फरवरी के टिकट दिए गए थे। दीनानाथ ने बताया कि तय तारीख पर वह लोग कंपनी के सेक्टर-63 स्थित ऑफिस में पहुंचे। 6 फरवरी को उन्हें बताया गया कि अब उन्हें 12 फरवरी को जॉर्डन भेजा जाएगा, लेकिन जब वह कंपनी पर पहुंचे तो वहां कंपनी का मालिक और अन्य लोग फरार मिले। अपने साथ हुए धोखे के बाद पीड़ितों ने कंपनी के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसकी सूचना पर पुलिस पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला कि आरोपियों ने बिल्डिंग किराए पर ली हुई थी। दावा है कि आरोपियों ने करीब साढे 550 लोगों के साथ 10 करोड रुपए की ठगी की है। आरोपी अपने साथ कई लोगों का पासपोर्ट लेकर भी चले गए हैं।

## सोशल मीडिया के जरिए फंसाया

दीनानाथ और उसके साथियों ने पुलिस को बताया कि ठगी के लिए आरोपियों ने सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म पर विज्ञापन दिए हुए थे। कई जगह पंपलेट और पोस्टर भी लगाये गए थे। इंटरनेट पर सर्च करने के बाद बेरोजगार युवकों ने आरोपी कंपनी से संपर्क किया इसके बाद आकर्षक सैलरी, वीजा और पासपोर्ट मेडिकल करने को लेकर झांसा दिया गया और एडवांस में रुपए लेकर जलसाज फरार हो गए।

"नारी शक्ति,राष्ट्र शक्ति"
Regd. No.: U88100UP2024NPL213497
KAMAYANI Foundation
कामायनी फाउंडेशन
Kamayani Foundation
महिलाओं के उत्थान एवं सामाजिक कार्य करने वाला एक गैर लाभकारी संगठन

मुख्य उद्देश्य :

- जरूरतमंद लड़कियों और महिलाओं के उत्थान के लिए काम करना और उन्हें शिक्षा, रोजगार और सामाजिक समर्थन प्रदान करना।
- जरूरतमंद लड़कियों की शादी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना।
- गरीब हिंदू लड़कियों के लिए सामूहिक विवाह आयोजित करना।
- महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना।
- गरीब, विकलांग, बुजुर्ग, अनाथ, विधवाओं आदि के कल्याण और राहत के लिए संस्थानों की स्थापना, प्रबंधन, और संचालन करना।
- घरेलू और कुटीर उद्योगों में शिक्षा / प्रशिक्षण के लिए वंचित बच्चों और महिलाओं को निःशुल्क शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना।
- मानवाधिकार और सामाजिक न्याय के कारणों का समर्थन और प्रचार करना।
- अपने मुख्य उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए जहां भी आवश्यक हो वहां शाखाएं खोलना।
- अपने मुख्य उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए साहित्य का प्रकाशन, वितरण, या प्रदान करना।
- शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक विकास के अवसर प्रदान करना वंचित हिंदुओं के लिए।
- हिंदू त्योहारों के दौरान भोजन और प्रसाद वितरित करना।
- हिंदू समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों और अन्याय के खिलाफ विरोध करना।

यदि आप भी हमारी इस मुहिम या संस्था में जुड़ना या दान करना चाहते हैं तो सम्पर्क करें :-
9220743714
KAMAYANI FOUNDATION
SCAN & PAY
UPI ID: kamayanifound@sbi
KAMAYANI FOUNDATION
AC. NO. 43740145897
IFSC:- SBIN0005222

Office- FF-116, Meridian View Plaza, Alpha-1, Commercial Belt, Greater Noida- 201310, (U.P.) India
+91 9220743714  kamayanifoundation@gmail.com